दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....

विधायक मेहदावल की उपस्थिति में ग्राम ...8

सिद्धार्थनगर
सोमवार, 13 अप्रैल 2026
वर्षः 13 अंक : 115 पृष्ठः 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## विश्व हिन्दू महासंघ के 45 वें स्थापना दिवस पर निकली भव्य शोभा यात्रा






दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रविवार को विश्व हिन्दू महासंघ के स्थापना दिवस पर धर्म का जयघोष विशाल और भव्य शोभा यात्रा जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के संयोजन में निकाली गई। शोभा यात्रा में श्री हनुमान जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि के रूप में अखिलेश सिंह के पुत्र शौर्य प्रताप सिंह मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। यात्रा राजकीय इण्टर कालेज के मैंदान से गाजे– बाजे के साथ धर्म का जयघोष करते हुये गांधीनगर, कम्पनीबाग होते हुये तिरंगा चौराह पहुंची। यहां कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि धर्म, संस्कृति और एकता के इस महापर्व में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर एकजुटता का परिचय दिया। शोभा यात्रा में पूर्व विधायक रुधौली संजय प्रताप जायसवाल, पूर्व विधायक बस्ती सदर दयाराम चौधरी, आनंद सिंह बाजा भैया, दिलीप पाण्डेय, अंकुर वर्मा के साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के अजय मिश्रा बिंदु गोपाल त्रिपाठी सौरभ त्रिपाठी विवेक श्रीवास्तव, शिवलाल प्रेमी अमरजीत सिंह विपिन विपिन बालकृष्ण सिंह राजकुमार और मंटू चौधरी राकेश सिंह सुमित शुक्ला, सौरभ चतुर्वेदी परमानंद गुप्ता संदीप कमलापुरी, पूनम सिंह, कंचन विश्वकर्म ममता शर्मा, अनसूया पाण्डेय, आरती यादव, सोनी, अभिषेक शर्मा, सतीश पाण्डेय, पप्पू प्रिंस जायसवाल, सिकंदर वर्मा, विनय तिवारी, चंद्रमणि पाण्डेय, अभिषेक सिंह, रंजीत चौधरी, चंदन शर्मा, रामचरण सोनकर, विवेक प्रजापति, जय राम कुमार के साथ सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के लोग शामिल रहे।

## एशिया के खूबसूरत वेटलैंड 'तालाब बघेल' पर संकट, आजीविका पर मंडराया खतरा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। एशिया के सबसे खूबसूरत वेटलैंड में गिना जाने वाला तालाब बघेल आज अपनी पहचान खोने की कगार पर पहुंचता नजर आ रहा है। कभी सैकड़ों परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन रहा यह ऐतिहासिक तालाब अब कथित रूप से कमर्शियल गतिविधियों की भेंट चढ़ता दिख रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, जहां कभी विदेशी धरती से आने वाले दुर्लभ पक्षियों की चहचहाहट गूंजती थी, वहां अब सन्नाटा पसरने का खतरा बढ़ गया है। तालाब से जुड़े मछुआरे परिवारों के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं पशुपालक, जो यहां से अपने पशुओं के लिए घास काटते थे, वे भी गहरी चिंता में हैं।विशेष रूप से




मत्स्य आखेट पर निर्भर विस्थापित बंगाली परिवारों की स्थिति और भी दयनीय होती जा रही है। उनका कहना है कि यदि तालाब की वर्तमान स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो उनके सामने पलायन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।इस पूरे मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के एक पदाधिकारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तालाब बघेल से जुड़े मछुआरा और केवट समुदाय के सामने बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस मुद्दे को विधानसभा में भी जोर–शोर से उठाया जाएगा।अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कौन लोग इस ऐतिहासिक धरोहर को नुकसान पहुंचा रहे हैं और क्या प्रशासन व सरकार समय रहते हस्तक्षेप कर इस प्राकृतिक संपदा और उससे जुड़े लोगों की आजीविका को बचा पाएंगे, या फिर यह अनमोल धरोहर धीरे–धीरे खत्म हो जाएगी।

## पयागपुर में बांस के झुरमुटों में भीषण आग, दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। पयागपुर थाना क्षेत्र के राधा नगर इलाके में रविवार को बांस के घने झुरमुटों में अचानक भीषण आग लगने से क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। तेज हवाओं के कारण आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के घरों और आबादी पर खतरा मंडराने लगा।घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास किया। काफी देर की मेहनत के बाद आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग की लपटें



तेजी से फैल रही थीं, जिससे आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल बन गया था।दमकल विभाग की तत्परता और सूझबूझ के चलते बड़ी जनहानि और संपत्ति के नुकसान को टाल दिया गया। घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली और दमकल कर्मियों के साहस व कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, हालांकि प्रारंभिक आशंका शॉर्ट सर्किट या किसी लापरवाही की जताई जा रही है। प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।

## अम्बेडकर जयंती को लेकर पयागपुर प्रशासन अलर्ट, शांति व्यवस्था पर जोर



दैनिक बुद्ध का सन्देश

पयागपुर/बहराइच। आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के मद्देनज़र स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में रविवार को थाना पयागपुर परिसर में थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में शोभा यात्रा, जुलूस एवं माल्यार्पण कार्यक्रम से जुड़े आयोजकों व वालंटियर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में मौजूद सभी आयोजकों को उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जयंती समारोह को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए आयोजकों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि जुलूस एवं शोभा यात्रा निर्धारित मार्गों से ही निकाली जाएगी और किसी भी स्थिति में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर भी शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अलावा, कार्यक्रम के दौरान संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।बैठक में प्रशासन ने आयोजकों को आगाह किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।प्रशासन ने साफ किया कि अम्बेडकर जयंती का आयोजन भव्यता के साथ होगा, लेकिन कानून व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## घर–घर जनसंपर्क कर किया संवाद

दैनिक बुद्ध का संदेश



बभनान/बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव बस्ती चलों जनसंपर्क अभियान के तहत जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा के निर्देशानुसार रविवार को जनसंपर्क अभियान के अंतिम दिन बस्ती जिले के गौर मंडल के ग्राम बेलवरिया जंगल सेक्टर बेलवरिया व सेक्टर माझा मानपुर मे घर–घर जाकर जनसंपर्क कर केन्द्र व प्रदेश सरकार के योजनाओं के बारे में जनता के बीच में अवगत कराया और संवाद किया गया। इस मौके पर जनसंपर्क करते हुए गौर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जटाशंकर शुक्ला, अमरदीप शुक्ला, मंडल अध्यक्ष गौर राजेश कमलापुरी, महामंत्री कृष्ण कुमार तिवारी, शोभाराम प्रजापति, नीरज तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह, दीपक जायसवाल, प्रदीप कुमार दुबे, राजकुमार चौधरी, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष मोहरता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## भांभर रेंज में वन विभाग का सर्च ऑपरेशन, ड्रोन से रखी जा रही है हर हलचल पर नजर

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर के पचपेड़वा ब्लाक के अर्न्तगत पड़ने वाले भांभर रेंज के रेहरा ग्राम में मानव वन्य जीव संघर्ष की दुखद घटना के बाद वन विभाग द्वारा रेंज स्तर पर युद्ध स्तर पर वन क्षेत्र से सटे एंव निकटवर्ती क्षेत्रों में 24 घंटे गश्त एंव वन्य जीवों की नियमित रूप से ट्रैकिंग की जा रही है। दिनांक 11 एंव 12 अप्रैल को भांभर रेंज के अर्न्तगत प्रतिदिन प्रातः 6.00 बजे से 9.00 बजे तक तक वन क्षेत्र के निकट रेहरा, बेलभरिया, परसरामपुर व पिपरा सडवा ग्राम तक तेन्दुआ के पगमार्ग की लगभग 4–6 किमी0 पैदल ट्रैकिंग की गयी। परन्तु पगमार्ग की पुष्टि नही पायी गयी।भांभर रेंज के फील्ड स्टाफ नूरूलहुदा खां, वन दरोगा, मयंकर सिंह, वन दरोगा, विजय चौधरी, वन रक्षक, रचित गौतम, वनरक्षक, सतीश सिंह, वन रक्षक व सूरज कुमार पाण्डेय, वन दरोगा द्वारा वन क्षेत्र के




समीपवर्ती गांवों रेहरा, छोटका–बड़का भुकुरवा, परसरामपुर, गिद्धहवा आदि ग्रामों में गश्त पेट्रोलिंग करते हुए वन्य जीव के उपस्थिति की जानकारी ली गई। मानव वन्य जीव संघर्ष के दृष्टिगत लगातार गश्त पेट्रोलिंग हेतु भांभर रेंज के अर्न्तगत अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी में भी लगा दी गयी है। भांभर रेंज के वन क्षेत्र के सटे व निकटवर्ती क्षेत्रों गांवों में बैनर, पोस्टर एवं ई–रिक्शा व लाउडस्पीकर के माध्यम से ष्क्या करें, क्या न करेंष के तहत जागरूक करते हुए लगातार गश्त करते हुए जल सामान्य को बचाव हेतु जागरूक करते हुए वन क्षेत्र में प्रवेश न करने हेतु सचेत किया जा रहा है। साथ ही साथ संवेदनशील गांवों क्षेत्रों रेहरा, परसुरामपुर में ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। सांयकाल अंधेरा होने पर पूर्व के भांति वन क्षेत्र के निकटवर्ती एंव संवेदनशील ग्रामों में पटाखा भी फोडे जाने के निर्देश दिये जा चुके हैं, ताकि हिंसक वन्य जीव आवाज के भय से आबादी वाले क्षेत्र की ओर अग्रसर न हो सकें।

## छेड़खानी से सम्बन्धित प्रकरण में एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में महिलाओ सम्बन्धित अपराधों व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के निकट पर्वेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए महिला से छेड़खानी करने वाले वांछित एक नफर अभियुक्त आशीष जयसवाल पुत्र मोहन जयसवाल निवासी चूड़ी गली थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 37 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

## गुरुद्वारा सिंह सभा चोपन के जीर्णोद्धार हेतु कमेटी ने नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। चोपन नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल गुरुद्वारा सिंह सभा चोपन के भवन एवं परिसर की जर्जर स्थिति को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली को एक मांग पत्र सौंपा। समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्तमान में गुरुद्वारा का भवन एवं आसपास का परिसर काफी जीर्ण–शीर्ण हो चुका है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। समिति ने मांग करते हुए कहा कि गुरुद्वारा के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्य कराए जाएं तथा इसे नगर पंचायत की विकास योजनाओं में शामिल किया जाए, ताकि इस धार्मिक स्थल का समुचित विकास हो सके और आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि गुरुद्वारा के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर संबंधित योजना में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर के सभी धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों का विकास उनकी प्राथमिकता में है और इसके लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुद्वारा परिसर के विकास से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि नगर की सुंदरता और सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह, सचिव पतविन्दर सिंह, अजीत सिंह एवं वीरा सिंह मौजूद रहे।



# प्रेमिका को बुलाने की जिद में युवक 135 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ा, मचा हड़कंप

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। खेसरहा थाना क्षेत्र के कठमोरवा गांव स्थित लक्ष्मीगंज चौराहे के पास रविवार को एक युवक 135 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई।जानकारी के अनुसार करमडीह जमुआर गांव निवासी आकाश, पुत्र रामवृक्ष चौधरी, सुबह करीब 10 बजे टॉवर पर चढ़ गया और घंटों बीत जाने के बाद भी नीचे उतरने से इनकार कर रहा है। युवक की जिद है कि उसकी प्रेमिका को मौके पर बुलाया जाए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास जारी है। वहीं, लड़की के परिजनों ने मौके पर आने से इनकार कर दिया है।स्थानीय लोगों के अनुसार युवक प्रेम प्रसंग के मामले में नवंबर माह में जेल भी जा चुका है और दो दिन पहले ही रिहा हुआ है।थानाध्यक्ष अनुप कुमार मिश्र ने बताया कि युवक को सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश की जा रही है। एहतियात के तौर पर मौके पर एंबुलेंस भी तैनात कर दी गई है।

# सिटी मोटेसरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। जनपद के जानकी नगर स्थित सिटी मांटेसरी इंटर कालेज गोण्डा में अपना विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को देर शाम साँस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। नर्सरी से अपर के. जो के बच्चों ने आओ तुम्हे चाद पे श्शमनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। और द्वितीय तथा तृतीय कक्षा के बच्चों ने मोबाइल थीम पर अपना गीत प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। कक्षाओं के छात्र–छात्राओं ने संदेश आते है,मैने पायल है छनकाई, जीवन के दिन तथा पुण्पा–पुष्पा पर रंगारंग कार्यक्रम




प्रस्तुत किया। कक्षा चतुर्थ से कक्षा 12 तक के छात्र–छात्राओं ने एकाकी परिवार पर आधारित सामाजिक नाटक ष्सारांशष प्रस्तुत किया जिससे अपने वृद्ध माता–पिता को वृद्धाश्रम न भेजना तथा उनके आजीवन सेवा का संकल्प लिया।सबसे करुण पल तब आयें जब बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति श्श मिट्टी के बेटे प्रस्तुत किया।लोगों ने दो मिनट खड़े होकर शहीद सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मशहूर वालीवुड लेखक एवं अभिनेता जीशान कादरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। संस्था के प्रबन्ध और ट्रस्टी शाश्वत जोशी ने उनका स्वागत किया।विद्यालय की ट्रस्टी रश्मि जोशी,प्रवत्ति जोशी,जावेद सईद, झंझरी ब्लाक प्रमुख एवं स्कूल के अध्यक्ष आशीष मिश्रा और प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्र ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बार कांउसिल के अध्यक्ष रवि चन्द्र त्रिपाठी,पूर्व अध्यक्ष राम बुझारत द्विवेदी, निशांत मिश्रा,जीशान हैदर, अखिल भारतीय व्यापार मण्डल के नगर प्रभारी अतीक अहमद मीनाई,सपा नेता मसूद आलम खान,माया शंकर जोशी,सौरभ सिंह, प्रदीप शुक्ला, इंद्रभूषण, मनीषा जोशी, नाहिद कुरैशी, उर्मिला शुक्ला, पल्लवी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रबन्धक शाश्वत जोशी ने कार्यक्रम तैयार कराने वाली शिक्षिकाओं की प्रशंसा किया।

# गेहूं की डंठलों में लगी आग ने लिया विकराल रूप, बर्फ विक्रेता झुलसा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। इटवा थाना क्षेत्र के संग्रामपुर और चौखड़िया गांव के बीच रविवार को गेहूं की डंठलों में लगी आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया। तेज पछुआ हवा के चलते आग तेजी से फैल गई और आसपास का इलाका इसकी चपेट में आ गया।इसी दौरान डबरा गांव निवासी राम सागर गुप्त (45) बर्फ बेचकर घर लौट रहे थे, तभी वह आग की लपटों में घिर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उन्होंने बचने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण वह गंभीर रूप से झुलस गए।घटना में उनके हाथ, पैर और चेहरा झुलस गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें इटवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत में धीरे–धीरे सुधार हो रहा है।सूचना मिलने पर तहसीलदार अजय मौर्य और लेखपाल श्रवण कुमार अस्पताल पहुंचे और पीड़ित का हालचाल लिया। प्रशासन ने परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

# मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन,लोगों ने बढ़–चढ़कर कर लिया भाग

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के मारवाड़ी




युवा मंच के लोगों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के एसपीएम हॉस्पिटल में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ,जिसमें लगभग 54 यूनिट का रक्तदान हुआ।रक्तदान करने से पहले बीपी शुगर की जांच हुआ। स्वस्थ पाये जाने वाले व्यक्तियों का रक्तदान किया गया।इसमें मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा भी शामिल हुई।अस्पताल के ब्लड बैंक में एसपीएम हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ ओ.एन. पांडेय को मारवाड़ी युवा मंच शाखा द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। डॉ पांडेय ने कहा कि एक यूनिट रक्त देने से तीन लोगों को जीवनदान दिया जा सकता है। ब्लड बैंक में रक्तदान कराने में एसपीएम हॉस्पिटल ब्लड बैंक के डायरेक्टर के .के.मिश्रा, बी. पी.तिवारी, सिद्धनाथ पांडेय, सकीना बानो, सरस्वती वर्मा,भरत जी ओझा का विशेष योगदान रहा।रक्तदान के दौरान मंच के अध्यक्ष राम मनोहर अग्रवाल,महामंत्री पवन कुमार अग्रवाल, रक्तदान संयोजक अमित गर्ग(विक्की), देवेश जालान,निखिल अग्रवाल, दर्शिका अग्रवाल, प्रांतीय सदस्य विकास जैन,विकास अग्रवाल, सचिन खेमका,महिला मंडल की प्रांतीय सदस्य नीलम जैन, अध्यक्षा अनीता मनीरामका, महामंत्री वर्षा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सोनम अग्रवाल,बेनू अग्रवाल,सीमा अग्रवाल,गुंजन अग्रवाल,शिव शंकर सोमानी, पीयूष मित्तल,गोपाल मित्तल, अविनाश तुलस्यान,सचिन पचेरिया,सुरेश भावसिंहका सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर अटल भवन में बनी रणनीति

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत रविवार को अटल भवन कार्यालय में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की।अभियान की जिला संयोजिका एवं जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा ने बताया कि 15 से 20 अप्रैल तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी को विशेष महत्व दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में नारी शक्ति सम्मेलन, पदयात्रा, स्कूटी रैली, विजय दौड़, लेखन प्रतियोगिता, दीवार सिग्नेचर कैंपेन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शनी, प्रेस वार्ता, नारी शक्ति मार्च एवं प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव जैसे आयोजन किए जाएंगे। उतरौला नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। जिलाध्यक्ष रवि




मिश्रा ने कहा कि देश की तरक्की में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और भाजपा महिलाओं को सम्मान देने वाली पार्टी है। जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह 'पिंकू' ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अभियान को प्रभावी ढंग से जन–जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस अवसर पर उतरौला नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, जिला मंत्री ललित तिवारी, अवधेश तिवारी 'तरुण', जिला सह मीडिया प्रभारी अवधेश पाण्डेय, साधना पाण्डेय, नंदिनी शुक्ला, प्रतिमा मिश्रा, सरोज तिवारी, सरिता शुक्ला, संदीप उपाध्याय, अमरनाथ शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर गांव–गांव चला संपर्क अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर "गांव/बस्ती चलो अभियान" के तहत शोहरतगढ़ मंडल में भाजपा नेता सिद्धार्थ चौधरी के नेतृत्व में सेमरा, डोहरिया, बगूलहवा और मदरहना उर्फ दत्तपुर गांवों में घर–घर संपर्क अभियान चलाया गया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पत्रक वितरण कर लाभार्थियों से संवाद किया और केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।अभियान में महामंत्री पावन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा, जिला मीडिया सह प्रभारी प्रभात तिवारी, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नीलेश चौधरी, अजय चौधरी, मेजर सिंह चौहान, राजेश पाठक समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती पर प्रतिमा सौंदर्यीकरण का होगा भूमिपूजन – विनय वर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर क्षेत्र में उनकी प्रतिमा के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 14 अप्रैल को प्रातः 9 बजे गणेशपुर तिराहा पर आयोजित होगा। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने यह भी बताया कि प्रतिमा सौंदर्यीकरण का कार्य उनकी विधायक विकास निधि से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि बाबा साहब के समानता, न्याय, बंधुत्व एवं सामाजिक समरसता के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रहेगी। विधायक ने मीडिया प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में पहुंचकर इसे व्यापक रूप से प्रसारित करने की अपील की है, ताकि बाबा साहब के विचारों और आयोजन की महत्ता अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

# अनुदानित यूरिया से बन रहा था डीईएफ, कृषि विभाग की छापेमारी में खुलासा

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में सब सम्भव है बस जरूरत है तो सतर्क रहने की।विकास खण्ड छपिया के ग्राम सकदरपुर में अवैध रूप से डीईएफ (डीजल एग्जॉस्ट फ्लूइड) यूरिया निर्माण का मामला सामने आया है। सूचना पर जिला कृषि अधिकारी एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) सी.पी. सिंह ने अपनी टीम के साथ मौके पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में संदिग्ध सामग्री बरामद की।जांच के दौरान प्लांट बंद मिला,लेकिन परिसर के बाहर खुले स्थान पर चार सफेद कंटेनर और एक बड़ी काली पानी की टंकी पाई गई। इन कंटेनरों में पानी जैसे तरल पदार्थ भरा था, जिससे यूरिया जैसी तेज गंध आ रही थी। मौके पर मौजूद दो युवकोंकृ दुर्गेश और विजयकृसे पूछताछ की गई, जिन्होंने बताया कि वे जनरेटर मरम्मत का कार्य करने आए थे और यह जनरेटर राकेश पाण्डेय द्वारा किराये पर लिया गया था।टीम ने आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी बभनान के चौकी इंचार्ज



उपनिरीक्षक घनश्याम वर्मा तथा ग्राम प्रधान को मौके पर बुलाया। उनकी उपस्थिति में बंद कमरे का ताला तोड़कर जांच की गई, जहां 36 खाली यूरिया की बोरियां (एचयूआरएल कंपनी) और लगभग आधा किलो यूरिया बिखरा हुआ मिला। साथ ही छोटे कंटेनरों में यूरिया घोल भी बरामद हुआ।एक कमरे में प्लांट स्थापित पाया गया और एक मोटरसाइकिल (नंबर यूपी–51 वी–1355) भी मौके से मिली।बरामद सभी सामग्री को सील कर मकान मालिक एवं ग्राम प्रधान रमेश मिश्र को सुपुर्द कर दिया गया है।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि डीईएफ निर्माण में तकनीकी ग्रेड यूरिया के स्थान पर अनुदानित यूरिया का अवैध उपयोग किया जा रहा था, जो उर्वरक नियंत्रण आदेश–1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा 3/7 का उल्लंघन है।मुख्य आरोपी राकेश पाण्डेय से संपर्क करने का प्रयास किया गया,लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। कृषि विभाग ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रशासन का कहना है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा की बैठक में 5 निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह का निर्णय

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा की मासिक बैठक घसीयारीपुरा स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री युवा वैश्य अभिषेक गुप्ता ने की।बैठक में सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए आईवीएफ युवा बहराइच द्वारा 5 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक के रूप में नगर अध्यक्ष प्रदीप ड्रोलिया को जिम्मेदारी सौंपी गई।प्रदेश महामंत्री अभिषेक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्य समाज हमेशा से व्यापार के साथ–साथ देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता आया है। उन्होंने बताया कि समाज द्वारा जगह–जगह राहगीरों के लिए पियाऊ, धर्मशालाएं, मंदिर और गरीब बच्चों के लिए विद्यालय स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा समय–समय पर चिकित्सा शिविर और सामूहिक विवाह जैसे सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित



किए जाते हैं।उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा बहराइच टीम अपने पूर्वजों की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन करेगी, जिसे वैश्य समाज के सहयोग से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराया जाएगा।बैठक में प्रदेश महामंत्री अभिषेक कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रदीप ड्रोलिया, जिला महामंत्री विकास गुप्ता, जिला संगठन मंत्री महेश गुप्ता, जिला मंत्री सत्य प्रकाश जायसवाल, जिला मंत्री गोविंद जायसवाल, कसौधन महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री जगदीश ठेकेदार तथा चितौरा ब्लॉक अध्यक्ष डेविड अमन कसौधन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दोहरे सम्मान से गौरवान्वित हुई श्रावस्ती की शिक्षिका लखनऊमें मिला राष्ट्रीय बालशिक्षा शिखर सम्मान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

श्रावस्ती। शैक्षिक नवाचार और साहित्यिक सृजन के क्षेत्र में श्रावस्ती जनपद का नाम उस समय सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया, जब रविवार को चारबाग स्थित होटल अम्बर में शैक्षिक संवाद मंच द्वारा आयोजित भव्य समारोह में निष्ठा दीक्षित को एक साथ दो प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया।शिक्षा और साहित्य में अद्वितीय योगदानसमारोह में निष्ठा दीक्षित को शैक्षिक संवाद मंच के राष्ट्रीय अभियान श्विद्यालय बनें आनंदघरश की साधना में




उनके अतुलनीय योगदान के लिए "राष्ट्रीय बालशिक्षा शिखर सम्मान– 2026" प्रदान किया गया। इसके साथ ही, उनके प्रभावी लेखन और उत्कृष्ट वैचारिक योगदान को देखते हुए उन्हें "अन्विति सृजन शिरोमणि सम्मान" से भी अलंकृत किया गया। साहित्यिक कृतियों का विमोचन और संपादनइस अवसर पर विभिन्न पुस्तकों का विमोचन हुआ, जिसमें निष्ठा दीक्षित की बहुमुखी प्रतिभा उभर कर सामने आई। वे न केवल एक समर्पित शिक्षिका हैं, बल्कि प्रखर लेखिका और संपादक भी हैं। कार्यक्रम में विमोचित हुई महत्वपूर्ण कृतियों में उनकी भूमिका सराहनीय रही अन्विति विभिन्न साहित्यिक विधाओं के इस अनुपम संग्रह में उनके प्रभावी लेखन को सराहा गया। मेरी शिक्षकीय यात्रा रू इस पुस्तक के संपादक मंडल में निष्ठा दीक्षित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें प्रधान संपादक दुर्गेशवर राय के साथ उनके नाम का उल्लेख गौरव के साथ किया गया।

# पयागपुर गल्ला मंडी में अव्यवस्थाओं का अंबार, किसान–व्यापारी परेशान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पयागपुर/बहराइच। बहराइच जनपद के पयागपुर स्थित गल्ला मंडी में मूलभूत सुविधाओं की हालत बदतर हो चुकी है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद मंडी परिसर में न तो साफ–सफाई का ध्यान रखा जा रहा है और न ही जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं। यहां आने वाले किसान और व्यापारी पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकने को मजबूर हैं।मंडी परिसर में बने शौचालय बदहाल स्थिति में हैं। टूटे दरवाजे, खराब सीटें और चारों तरफ फैली गंदगी से हालात नारकीय बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शौचालय तो बनाए गए, लेकिन



कभी सही तरीके से चालू ही नहीं हुए।पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह ठप पड़ी है। परिसर में लगे वाटर कूलर खराब हैं, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार विभागों की लापरवाही साफ नजर आ रही है।इसके अलावा मंडी में लगे टीन शेड भी जर्जर हालत में हैं। बारिश के दौरान अनाज को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे किसानों की फसल खराब होने का खतरा बना रहता है।व्यापारियों का आरोप है कि हर साल मंडी के रखरखाव और सुविधाओं के नाम पर बजट जारी होता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार देखने को नहीं मिलता। खर्च केवल कागजों तक ही सीमित रह जाता है।

# शिवाजी इंटर कॉलेज में भव्य मातृ सम्मेलन एवं मातृ सम्मान समारोह आयोजित

## माताओं और बच्चों ने बढ़–चढ़कर लिया भाग, शिक्षा के साथ संस्कारों का दिया संदेश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/पथरा बाजार। थाना क्षेत्र के बरगदवा स्थित शिवाजी इंटर कॉलेज में रविवार को मातृ सम्मेलन एवं मातृ सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताओं, अभिभावकों एवं छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मातृशक्ति के योगदान को सम्मानित करते हुए शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र–छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान एवं 'वंदे मातरम्' की प्रस्तुति के साथ हुआ। वक्ताओं ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि माँ ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार ही जीवन की सच्ची नींव हैं।मुख्य अतिथि रघुवर प्रसाद जायसवाल एवं प्रधानाचार्य, बालिका इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, उमा सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में मातृत्व शक्ति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। उन्होंने बच्चों से माता–पिता का आदर करने तथा अनुशासन एवं परिश्रम के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। साथ ही बताया कि छात्राएं प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले के टॉप–टेन में स्थान प्राप्त करती हैं।वक्ताओं ने माता जीजाबाई के जीवन से प्रेरणा लेने पर बल देते हुए कहा कि उनके संस्कारों ने छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महान व्यक्तित्व का निर्माण किया।इस गरिमामय आयोजन ने मातृशक्ति के सम्मान और संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में माताओं को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ बब्बू सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक सूर्यप्रकाश सिंह उर्फ शब्बू सिंह, कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामकेवल यादव, अंजू देवी, इसलामती देवी, रीता देवी, सुनीता देवी सहित तमाम छात्र–छात्राएं एवं माताएं उपस्थित रहीं।





# गांव चलो अभियान में नितेश पाण्डेय ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे "गांव चलो अभियान" के तहत नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र के बभनी सहित विभिन्न बूथों पर घर–घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया।इस दौरान भाजपा नेता एवं नामित सभासद नितेश पाण्डेय ने वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ जनता से संपर्क कर केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियों को साझा किया तथा पत्रक वितरित किए।कार्यक्रम में उन्होंने जनता जनार्दन से संवाद करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनके लाभों से अवगत कराया। साथ ही कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।अभियान में जिला उपाध्यक्ष मुन्नी देवी, शक्ति केंद्र संयोजक रणजीत चौधरी, बूथ अध्यक्ष/सभासद वीरू कन्नौजिया, राधेश्याम, संतोष कुमार, सूरज चौधरी, शिवपूजन, अजय कुमार और अरुण कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शोहरतगढ़ में नोटिस जारी होने के बाद भी चल रहे पैथालॉजी सेन्टर







दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के नगर पंचायत शोहरतगढ़ में पंजीकरण खत्म होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के शोहरतगढ़ तहसील के स्थानीय नगर पंचायत सहित तमाम पैथालॉजी सेन्टरों में बेधड़क संचालित हो रहे हैं। वहीं नोटिस जारी होने के 04 माह भर बाद भी पैथालॉजी सेन्टरों के संचालक ने पैथालॉजी सेन्टर बन्द नहीं किया है। स्वास्थ्य विभाग ने इन पैथालॉजी सेन्टरों को चिन्हित करने के बाद उन्हें नोटिस भेजा था। साथ ही कहा था कि दिसम्बर माह 2025 से कभी भी कार्यवाही हो सकती है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने पैथालॉजी सेन्टरों के संचालकों को यह भी चेतावनी दी थी कि नोटिस जारी होने के बाद वह पैथालॉजी सेन्टरों का संचालन न करें, अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। आपको बता दें कि पैथालॉजी सेन्टर के संचालकों को नोटिस जारी होने के माह भर के भीतर ही पैथालॉजी सेन्टरों को तत्काल ही बन्द करना जरूरी होता है। लेकिन यहां नगर पंचायत शोहरतगढ़ में स्थित सीएचसी के अगल–बगल तमाम पैथालॉजी सेन्टर ऐसे हैं, जिन्होंने नोटिस जारी होने के बाद भी पैथालॉजी सेन्टरों को बन्द कराना तो दूर अभी तक आवेदन तक नहीं दिया है। इसमें नगर पंचायत शोहरतगढ़ सहित कई पैथालॉजी सेन्टर ऐसे हैं, जिनकी नोटिस जारी होने के 04 माह से अधिक समय हो चुका है, बावजूद इसके वह पैथालॉजी सेन्टरों को बन्द न करने सहित उक्त संचालक अपना आवेदन नहीं करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि यदि पैथालॉजी सेन्टर संचालित नहीं किया जा रहा है तो उसकी सूचना विभाग को दिया जायें, अन्यथा पैथालॉजी सेन्टर संचालित मिलने पर कार्रवाई होगी। लेकिन उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा जीपीएस फोटो (जिन पैथालॉजी सेन्टरों) स्वास्थ्य विभाग भेजी गई थी, जिसपर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी एमएम त्रिपाठी द्वारा उक्त पैथालॉजी सेन्टरों पर कार्रवाई का आदेश मिल गया था। वहीं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों एवं पैथालॉजी सेन्टर के संचालकों की मिलीभगत से अभी तक पैथालॉजी सेन्टरों पर कार्रवाई नहीं हुई, जो एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है? इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर डा0 शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि जिन पैथालॉजी सेन्टरों पर नोटिस भेजा गया था, उन पैथालॉजी सेन्टरों के संचालित करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। वहीं जब नोडल अधिकारी डॉ0 एम0एम0 त्रिपाठी से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन (6393700492) उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# महिला थाना में सुलहः 5 जोड़ों के बीच सुलझा विवाद, एक साथ हुई विदाई




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस के तहत महिला थाना सिद्धार्थनगर में रविवार को मिशन शक्ति केंद्र पर काउंसलिंग के माध्यम से 5 परिवारों के आपसी विवाद सुलझाकर उन्हें एक साथ विदा किया गया।यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई।महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने अपनी टीम के साथ सभी जोड़ों के बीच चल रहे मनमुटाव को दूर कराया। काउंसलिंग टीम में महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, संगीता गौतम और रीना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।जिन जोड़ों के बीच सुलह कराई गई, उनमें सविता पत्नी रोहित (मरवटिया चौनपुर, थाना बांसी), सरिता पत्नी दीपक (दसिया, थाना मिश्रौलिया), उर्मिला पत्नी राजू (रामवापुर नानकार, थाना शोहरतगढ़), संगीता पत्नी सौरव (गोनहाताल, थाना बांसी) तथा सुनीता पत्नी सर्वेश (पिपरा, थाना ढेबरुआ) शामिल रहीं।काउंसलिंग के बाद सभी परिवारों ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया, जिससे टूटने के कगार पर पहुंचे रिश्ते फिर से जुड़ गए।

# मासूम की किलकारी से टूटी रात की खामोशी, एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। रात की खामोशी उस समय टूट गई जब एक मासूम की किलकारी गूंज उठी। एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ और तत्परता से जच्चा–बच्चा दोनों सुरक्षित रहे।जानकारी के अनुसार सोनी (27 वर्ष), पत्नी बाबूराम, को देर रात अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। गांव में साधन न होने से परिजन चिंतित हो गए। इसी बीच आशा बहू नीमा को सूचना दी गई, जिन्होंने तुरंत 102 एंबुलेंस सेवा को कॉल किया।सूचना मिलते ही सीएचसी उसका बाजार की एंबुलेंस (यूपी 32 ईजी 6539) पर तैनात ईएमटी करन शाह और पायलट नीरज यादव ने लगभग 10 किलोमीटर की दूरी महज 18 मिनट में तय कर मौके पर पहुंचकर मानवता की मिसाल पेश की।गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाते समय प्रसव पीड़ा और तेज हो गई। ऐसे में एंबुलेंस में उपलब्ध डिलेवरी किट और डॉक्टर के मार्गदर्शन में ईएमटी ने सुरक्षित प्रसव कराया।सुरक्षित प्रसव के दौरान महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिससे परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। बाद में जच्चा–बच्चा दोनों को सुरक्षित सीएचसी उसका बाजार में भर्ती कराया गया।इस सराहनीय कार्य के लिए परिजनों और चिकित्सकों ने एंबुलेंस कर्मियों की जमकर प्रशंसा की।



# बहू–बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया गया जागरूक, साइबर सुरक्षा की दी जानकारी




दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्त। उत्तर प्रदेश पुलिस के तहत कोतवाली पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत बहू–बेटी सम्मेलन एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।मिशन शक्ति के तहत भरवालिया क्षेत्र के गैजड गांव में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उन्हें आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और अपने साथ होने वाले अपराधों के प्रति सतर्क रहने की जानकारी दी गई। साथ ही "मिशन शक्ति 5.0" के स्टिकर भी चस्पा किए गए।कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस, 101 अग्निशमन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से बताया गया।इस अवसर पर उप निरीक्षक सदरूल आलमीन, विपिन कुमार वर्मा, महिला आरक्षी सुषमा वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# शराब के नशे में बाइक सवार घायल, एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता से बची जान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सोहास रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास शराब के नशे में बाइक चला रहे युवक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार जयपुरवा निवासी रोहित (25), पुत्र किशोरी, शाम करीब 4 बजे नशे की हालत में बाइक चला रहा था। इसी दौरान नियंत्रण खोने से वह गिर पड़ा और घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ में से समीर नाम के राहगीर ने 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी।सूचना मिलते ही सीएचसी शोहरतगढ़ की एंबुलेंस (यूपी 32 बीजी 9221) पर तैनात ईएमटी अजय कुमार और पायलट राजेश कुमार वर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को एंबुलेंस में शिफ्ट कर डॉक्टर के सुपरविजन में प्राथमिक उपचार दिया और जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर में भर्ती कराया।डॉक्टरों के अनुसार घायल की हालत में सुधार हो रहा है। एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता और कुशल कार्य की परिजनों एवं चिकित्सकों ने सराहना की। साथ ही लोगों ने सरकार की इस आपातकालीन सेवा की भी प्रशंसा की।



# भाजपा स्थापना दिवस पर वार्डों में चला घर-घर संपर्क अभियान





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर "गांव/बस्ती चलो अभियान" के तहत नगर के वार्ड हेडगेवार नगर और दीनदयाल उपाध्याय नगर में बूथ संख्या 320 और 321 पर घर–घर संपर्क अभियान चलाया गया।कार्यक्रम का संचालन नागेन्द्र विश्वकर्मा और सत्येन्द्र नाथ पांडेय की अध्यक्षता में, सभासद श्याम देव प्रजापति के संयोजन तथा मुन्ना पाण्डेय के आयोजन में हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हर घर जाकर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और आमजन से संवाद किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोविन्द माधव तथा विशिष्ट अतिथि अरविन्द पाण्डेय रहे।इस अवसर पर धनश्याम चौधरी, सिद्धनाथ पाण्डेय, भानु सिंह, दिलीप सिंह, मनोज लोधी, कंचन सिंह, नागेन्द्र विश्वकर्मा, ऋषभ त्रिपाठी, पंकज चौबे, राजकुमार गुप्ता, विवेक कन्नौजिया, सोनू सिंह लोधी, धनराज यादव, अखिलेश पाण्डेय, सुनील कुमार, रामपाल, विशाल यादव, रूद्र प्रताप यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सदर थाना क्षेत्र के ग्राम मदरहना में शनिवार देर रात करीब 2 बजे अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई, जिससे लगभग एक बीघा फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।जानकारी के अनुसार किसान जनाब अली (पुत्र अब्दुल वकील) को आग लगने की सूचना तब तक मिली जब तक खेत में खड़ी गेहूं की पूरी फसल और आम के पेड़ जलकर खत्म हो चुके थे।घटना की सूचना ग्राम प्रधान वसीम खान और हल्का लेखपाल को दे दी गई है, ताकि पीड़ित किसान को हुए नुकसान का आकलन कर आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके।




## सम्पादकीय

**दूसरी ओर स्कूल–कालेजों में शिक्षकों की वह भूमिका नहीं रही, जो सख्ती से किशोरों के व्यवहार को नियंत्रित कर सके। आज उनकी सोच को मोबाइल व सोशल मीडिया पर प्रसारित विकृत सूचनाएं प्रभावित कर रही हैं। समाज के व्यवहार में एक किस्म की आक्रामकता नजर आती है। वहीं दूसरी ओर आपराधिक गिरोह व गैंग भी अपने आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने कि लिए किशोरों का इस्तेमाल ...**

# आक्रामकता पर अंकुश लगाने की पहल हो

बदलते वक्त के साथ समाज में बढ़ते आक्रामक व्यवहार के चलते अपराधों का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन किशोरों की अपराधों में संलिप्तता बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। हाल के दिनों में देश में किशोर अपराधों से जुड़ी अनेक ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिन्होंने देश को गहरी चिंता में डाला है। जो बाल अपराधों के सामाजिक कारणों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत पर बल देता है। निस्संदेह, यह विचारणीय प्रश्न है कि छोटे–छोटे विवादों के बीच किशोर हिंसक क्यों हो रहे हैं। जिसकी परिणति अकसर क्रूर हत्या के रूप में सामने आती है। पिछले दिनों दिल्ली के दयालपुर क्षेत्र में सिर्फ चार सौ रुपये के विवाद में एक युवक की निर्मम हत्या डराने वाली है। वहीं किशोरों में कानून का भय न होना गंभीर मसला है। बताया जाता है कि इस युवक की हत्या में तीन नाबालिग संलिप्त थे। इस घटना में तीन किशोर एक युवक पर लगातार चाकू मारते रहे। हिंसक प्रवृत्ति की पराकाष्ठा देखिए कि इनका चौथा साथी बाकायदा मोबाइल पर घटना का वीडियो बनाता रहा। निस्संदेह, यह घटना किसी भी सभ्य समाज में सिहरन पैदा करने वाली है कि किशोर में यह आपराधिक दुस्साहस कहां से आ रहा है। जाहिर बात है कि इन किशोरों में पुलिस–प्रशासन का कोई भय नहीं था, तभी वे सरेआम चाकूबाजी करते रहे। देश की राष्ट्रीय राजधानी जहां के बारे में अकसर कहा जाता है कि पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था बनाने में अग्रणी रहता है, वहां यह घटना सामने आयी। सवाल उठाया जा सकता है कि देश के दूर–दराज के इलाकों में यह स्थिति कितनी गंभीर हो सकती है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि किशोरों की आपराधिक घटनाओं में तेजी से बढ़ती भूमिका की असली वजह क्या है? उल्लेखनीय है कि दयालपुर की घटना से पहले भी कई गंभीर अपराधों में किशोरों की संलिप्तता की घटनाएं गाहे–बगाहे सामने आती रही हैं। लेकिन किशोर अपराध से जुड़े कानून उन्हें जल्दी रिहा करा देते हैं। दरअसल, देश में अकसर किशोरों के गंभीर अपराधों में लिप्त होने के चलते उनकी वयस्क होने की उम्र घटाने की मांग होती है। इसकी वजह यह है कि किशोर गंभीर अपराधों में संलिप्तता के बावजूद किशोर अपराध से जुड़े कानूनों के लचीलेपन के चलते जेल से जल्दी रिहा हो जाते हैं। जेल से बाहर आने के बाद फिर दूसरे गंभीर अपराधों में लिप्त हो जाते हैं। यह गंभीर मुद्दा है जिसके समाधान को केंद्र सरकार को अपनी प्राथमिकता बनाना चाहिए। दरअसल, इंटरनेट के तेजी से प्रसार और सोशल मीडिया में अपराधों से जुड़ी घातक सामग्री की उपलब्धता किशोरों में भटकाव को बढ़ावा दे रही है। हिंसक फिल्में और अन्य माध्यमों में अपराध के तौर–तरीके से जुड़ी सामग्री किशोर मन पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। देश में संयुक्त परिवारों के बिखराव व बच्चों पर मां–बाप का नियंत्रण कम होने से कई किशोर बुरी संगति के चलते अपराधजगत की फिसलन में उतर जाते हैं। दूसरी ओर स्कूल–कालेजों में शिक्षकों की वह भूमिका नहीं रही, जो सख्ती से किशोरों के व्यवहार को नियंत्रित कर सके। आज उनकी सोच को मोबाइल व सोशल मीडिया पर प्रसारित विकृत सूचनाएं प्रभावित कर रही हैं। समाज के व्यवहार में एक किस्म की आक्रामकता नजर आती है। वहीं दूसरी ओर आपराधिक गिरोह व गैंग भी अपने आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने कि लिए किशोरों का इस्तेमाल करते हैं। सवाल यह भी है कि किशोरों तक घातक हथियार कहां से और कैसे पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, नशे की दलदल में फंसने वाले किशोर भी कालांतर नशा खरीदने के लिये पैसे जुटाने के लिये अपराध की गली में उतर जाते हैं। फिर गंभीर अपराधों को अंजाम देने लगते हैं। निश्चित रूप से बदलते वक्त के साथ पुलिस की भूमिका व कार्यशैली में बदलाव लाने की जरूरत है। साथ ही समाज में भी जागरूकता लानी आवश्यक है ताकि किशोरों को अपराध की राह पर बढ़ने से रोका जा सके। सरकार और समाज के साझे प्रयासों से ही इस संकट से उबरने में मदद मिल सकती है।

## एन ई पी 2020 की प्रासंगिकता और शिक्षा का वर्तमान



राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन ई पी) 2020 को लागू हुए लगभग 6 वर्ष बीत चुके हैं। 2026 के वर्तमान परि. श्य में, यह केवल एक नीतिगत दस्तावेज न रहकर भारतीय शिक्षा व्यवस्था के ऑपरेटिंग सिस्टम के रूप में उभर रही है। इसके संरचनात्मक बदलाव को देखिए। 5+3+3+4 मॉडल को समझिए। अब पारंपरिक 10+2 ढांचा पूरी तरह बदल चुका है। 2026 तक अधिकांश राज्यों ने फाउंडेशनल स्टेज (3–8 वर्ष) पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। यह बच्चों के मस्तिष्क विकास के सबसे महत्वपूर्ण चरणों को औपचारिक शिक्षा से जोड़ता है, जिससे रटने के बजाय खेल–आधारित सीखने पर जोर बढ़ा है। एन ई पी 2020 की सबसे बड़ी ताकत कक्षा 6 से ही व्यावसायिक शिक्षा (जैसे कोडिंग, बढ़ईगीरी, बागवानी) की शुरुआत है। इसकी वर्तमान स्थिति को देखिए। 2026 तक, भारत का लक्ष्य है कि कम से कम 50: शिक्षार्थियों को व्यावसायिक अनुभव मिले। यह डिग्री और रोजगार के बीच की खाई को पाटने में सबसे अधिक प्रासंगिक है। कोविड के बाद एन ई पी ने डिजिटल शिक्षा (दीक्षा स्वयं) को जो बढ़ावा दिया, वह अब स्थायी हो चुका है। वर्ष 2026 में, श्एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्सश (ए बी सी) पूरी तरह सक्रिय है, जिससे छात्र अपनी पढ़ाई के क्रेडिट्स डिजिटल रूप में सुरक्षित रख सकते हैं और अपनी सुविधा अनुसार श्मल्टीपल एंट्री–एग्जिटश (कभी भी पढ़ाई छोड़ने और वापस जुड़ने) का लाभ उठा सकते हैं। एन ई पी ने शिक्षकों को केवल ष्ज्ञान देने वालाष नहीं, बल्कि ष्मार्गदर्शकष (मेंटर) बना दिया है। वर्ष 2030 तक 4–वर्षीय एकीकृत **B-Ed**. डिग्री को अनिवार्य करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।वर्तमान में, शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास (सी पी डी) और दीक्षा जैसे पोर्टल्स का उपयोग उनकी शिक्षण पद्धति को आधुनिक बना रहा है। वर्ष 2026 में एन ई पी 2020 की प्रासंगिकता इस बात में है कि यह भारत को ष्ग्लोबल नॉलेज सुपरपावरष बनाने की दिशा में एक व्यावहारिक रोडमैप प्रदान करती है। यह शिक्षा को केवल परीक्षा पास करने का साधन न बनाकर सीखना कैसे है (लर्निंग हाउ टू वर्क) पर केंद्रित करती है।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# पानी आपूर्ति की निरंतरता व शुद्धता जरूरी

**पिछले वित्त वर्ष में जल शक्ति मंत्रालय ने आवंटित बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च ही नहीं किया, जो प्रशासनिक कमजोरी को दर्शाता है। बजट 2026 में राज्यों के लिए 67 ,600 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग तभी सार्थक होगा जब उसे 'क्वालिटी अश्वडिट' से जोड़ा जाए। आज भी देश के 230 जिलों में आर्सेनिक और 469 जिलों में फ्लोराइड पानी में घुला हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े ...**

भारत दुनिया की लगभग 18 प्रतिशत आबादी का घर है, लेकिन हमारे पास वैश्विक मीठे पानी के संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत हिस्सा उपलब्ध है। यह असंतुलन ही देश में जल संकट की बुनियादी जड़ है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 60 करोड़ भारतीय उच्च से अत्यधिक जल तनाव का सामना कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हम अपने नागरिकों को एक गिलास शुद्ध पानी देने में सक्षम हैं? इस साल के फरवरी 2026 में पेश किए गए केंद्रीय बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ रुपये का आवंटन कर सरकार ने अपनी मंशा तो साफ कर दी है। लेकिन जल जीवन मिशन और 'अमृत' जैसे प्रोजेक्ट्स के पिछले सात वर्षों के सफर को देखें, तो यह स्पष्ट होता है कि व्यवस्था ने केवल पाइप बिछाने की गति को ही सफलता मान लिया, जबकि पानी की शुद्धता और उसकी निरंतरता को हाशिए पर धकेल दिया गया। भारत के शहरी–ग्रामीण इलाकों में दूषित पानी को लेकर बात करें तो दिसंबर, 2025 से जनवरी 2026 के पहले सप्ताह के बीच ही देश के 26 प्रमुख शहरों में सीवेज मिश्रित पानी पीने से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और कम से कम 34 लोगों की मौत दर्ज की गई। भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दिसंबर, 2025 के अंतिम सप्ताह में पाइपलाइन में सीवेज का पानी मिलने से 37 लोगों की मौत हो गई और 1,400 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच गए। इसी तरह, जनवरी, 2026 की शुरुआत में बेंगलुरु के पॉश इलाकों



और गांधीनगर (गुजरात) में सैकड़ों बच्चे दूषित पानी के कारण टाइफाइड और डायरिया का शिकार हुए। अगस्त, 2019 में जब 'जल जीवन मिशन' शुरू हुआ, तब लक्ष्य था 2024 तक हर घर को नल से जोड़ना। सरकारी पोर्टल के अनुसार, जनवरी 2026 तक देश के लगभग 15.8 करोड़ घरों में नल लग चुके हैं। लेकिन इस 'संख्यात्मक सफलता' के पीछे एक बड़ा ढांचागत दोष है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 79वें दौर के आंकड़ों के अनुसार, पाइपलाइन कवरेज के बावजूद केवल 39 प्रतिशत ग्रामीण घर ही नल के पानी को अपने प्राथमिक स्रोत के रूप में उपयोग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में यह उपयोग दर 10 प्रतिशत से 30 प्रतिशत के बीच है।

देखा गया कि हजारों गांवों में पाइप और नल तो लगे हैं, लेकिन पानी का दबाव इतना कम है कि वह अंतिम घर तक नहीं पहुंचता। कई स्थानों पर तो नल केवल 'शोपीस' बनकर रह गए हैं। फिर नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पहाड़ी क्षेत्रों के 60 प्रतिशत जल स्रोत सूख चुके हैं। मैदानी इलाकों में भूजल का स्तर इतनी तेजी से गिर रहा है कि नलों के लिए पानी का कोई स्थायी स्रोत ही नहीं बचा है। जवाबदेही की कमी के कारण पाइपलाइनें बिछाने के कुछ महीनों बाद ही फटने लगी हैं। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में भूजल का स्तर काफी नीचे गिर गया है। कृषि में 'वाटर गजलर' फसलों (जैसे धान और गन्ना) के लिए अंधाधुंध पंपिंग ने जलभृतों (एक्वाफर्स) को सुखा दिया है। इन सभी कारणों से पानी की गुणवत्ता में भी गिरावट आ रही है। बड़ी मात्रा में सतही जल प्रदूषित है। भूजल में आर्सेनिक, फ्लोराइड और यूरेनियम की बढ़ती मात्रा 'कैंसर बेल्ट' जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रही है। गांवों से पलायन और शहरों का अनियोजित विकास, सरकार द्वारा तैयार मूलभूत संरचना पर आवश्यकता से अधिक बोझ ने महानगरों को पानी के लिए कंगाल बना दिया है। दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइन लीकेज और सीवेज मिक्सिंग एक आम समस्या बन गई है।

सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना 'अमृत 2.0' का लक्ष्य शहरों को 'वॉटर सिक्योर' बनाना था। लेकिन संसदीय स्थायी समिति की दिसंबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, शहरी भारत में अभी भी बड़ी मात्रा में पानी 'नॉन–रेवेन्यू वॉटर' के रूप में बर्बाद हो जाता है, जो मुख्य रूप से पाइपलाइनों के रिसाव के कारण होता है। सबसे बड़ी विफलता जल वितरण और सीवेज प्रबंधन के बीच समन्वय का अभाव है। बजट 2026 में सरकार ने जल जीवन मिशन की समय सीमा को बढ़ाकर दिसंबर 2028 कर दिया है। यह एक मूक स्वीकारोक्ति है कि 2024 और 2025 के लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। बजट में इस बार 'वेस्ट वॉटर रिसाइकिलिंग' और 'यूज्ड वॉटर ट्रीटमेंट' पर जोर दिया गया है, लेकिन इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल शहरी निकायों के पास नहीं है। पिछले वित्त वर्ष में जल शक्ति मंत्रालय ने आवंटित बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च ही नहीं किया, जो प्रशासनिक कमजोरी को दर्शाता है। बजट 2026 में राज्यों के लिए 67,600 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग तभी सार्थक होगा जब उसे 'क्वालिटी ऑडिट' से जोड़ा जाए। आज भी देश के 230 जिलों में आर्सेनिक और 469 जिलों में फ्लोराइड पानी में घुला हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े चेतावनी देते हैं कि असुरक्षित पानी से भारत में होने वाली मौतें तेजी से बढ़ सकती हैं।

# शांति समझौते के लिए पर्दे के पीछे तुर्किये–चीन

**जिन नेताओं से संपर्क किया गया, उनमें फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी शामिल थे। पाकिस्तान की लीडरशिप ने खाड़ी और मुस्लिम जगत के नेताओं से भी बात की, जिनमें कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी, यूएई के राष्ट्रपति शेख ...**

खाड़ी युद्ध टालने के लिए युद्धरत देशों को समझौता वार्ता की टेबल तक पहुंचाने का श्रेय पाक लेने की कोशिश में है। लेकिन हकीकत यह है कि इतनी जबरदस्त नेटवर्किंग अकेले पाक लीडरशिप के बस की नहीं थी। इस शांति प्रयासों में चीन, तुर्किये, अरब देशों तथा यूरोपीय नेताओं की बड़ी भूमिका रही है। पाकिस्तान ने शांति समझौते का एक ऐसा प्लेटफॉर्म मुहैया कराया है, जिसमें तीनों पक्ष विजयी भाव से सीना ताने दुनिया के समक्ष खड़े हैं। बुधवार रात नेतन्याहू ने कहा, 'काम अभी अधूरा है, अभी और भी लक्ष्य पूरे करने हैं, हम उन्हें हासिल करेंगेकृचाहे समझौते से, या फिर से लड़ाई शुरू करके। हमारी उंगली ट्रिगर पर है।' ईरान ने भी विजयी भाव से कहा कि हमारी भी उंगलियां ट्रिगर पर है, कभी भी दबा देंगे। दुनिया यही मान रही है कि 39 दिनों से चल रहा युद्ध खत्म हो गया। लेकिन, पिक्चर अभी बाकी है। शांति समझौते से अलग, एक और चौगुटा बैठक तुर्किये, सऊदी अरब, पाकिस्तान और मिस्र के विदेशमंत्री कर रहे हैं। पाकिस्तान ने कैसे वाशिंगटन और तेहरान का भरोसा जीता? पाक पावर कॉरिडोर के लोग बताते हैं, 'ईरान पर पहले हमले हुए, तो विदेश मंत्री इशाक डार, जो उप–प्रधानमंत्री भी हैं, सऊदी अरब में थे, और 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन' की एक बैठक में हिस्सा ले रहे थे। डार ने अराघची को फोन करके अपनी एकजुटता जाहिर की।' इस्लामाबाद स्थित सनोबर इंस्टिट्यूट के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कमर चीमा ने बताया, 'जब पाकिस्तान ने अमेरिकी हमलों की निंदा की, तो उसी पल उसने ईरानियों का भी दिल जीत लिया। पाकिस्तान ने जैसे स्वीकार किया, कि अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद हमने भारत से युद्ध रोक लिया, ट्रंप हम पर फिदा हो गए।' सर्वोच्च नेता अली खामेनई की हत्या के बाद कराची में 1 मार्च को प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। वहां की शिया मुस्लिम आबादी, जो पाकिस्तान की 25 करोड़ की आबादी का 15 से 20 प्रतिशत है, इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए थी। जैसे–जैसे सांप्रदायिक तनाव बढ़ा, मुनीर ने शिया धर्मगुरुओं को रावलपिंडी बुलाया, और चेतावनी दी, कि पाकिस्तान के भीतर किसी भी तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह दीगर है कि शिया इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक गुरु प्रिंस रहीम अल–हुसैनी ने भारत–पाकिस्तान के शासन प्रमुखों को मेल किया था, कि वो चाहें तो तेहरान में सुलह का प्रयास कर सकते हैं। प्रिंस रहीम अल–हुसैनी के अलावा तीन और शिया धर्मगुरुओं को तेहरान से विश्वास बहाली के वास्ते एक्टिवेट किया गया। इनमें शिया उलेमा काउंसिल के नेता सैयद साजिद अली नकवी, दूसरे शिया इमाम अल्लामा नजीर अब्बास तकवी, और 'तहरीक–ए–नफाज–ए–फिक्ह–ए–जाफरिया' के प्रमुख, हुसैन मुकध्दसी का नाम आया है। बहरहाल, होर्मुज जलडमरूमध्य उन शर्तों के साथ फिर से खोलने की कोशिश है, जिनके तहत ईरान और ओमान ट्रांजिट फीस वसूल सकेंगे। अभी बहुत कुछ तय होना बाकी है, जिसमें लेबनान का सवाल भी है। ठीक से देखा जाये, तो इस पूरे शांति प्रयासों में पाकिस्तान प्यादा भर है, असल गोट तुर्किये के राष्ट्रपति रिजप तय्यिप एर्दोआन, चीनी राष्ट्रपति शी, और यूरोपीय नेता खेल रहे थे। ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर को युद्धविराम के प्रयासों में एक प्रमुख वार्ताकार के रूप में देखा जा रहा है, जो विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस्लामाबाद में शुक्रवार को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ औपचारिक बातचीत का नेतृत्व संभवतः उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे, जिनके साथ ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर भी होंगे। कुशनर पहले भी ईरान के साथ बातचीत में शामिल रहे थे। 28 फरवरी को शुरू युद्ध में अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान पर हमले किए, जिनमें सुप्रीम लीडर अली खामेनेई समेत कई शीर्ष नेतृत्व वाले मारे गए. ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस युद्ध ने 3500 से ज्यादा लोगों की जान ले ली है, दुनिया की तेल सप्लाई के लगभग पांचवें हिस्सा अवरुद्ध हो गया। इस बिन बुलाये युद्ध की वजह से भारत की अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी है। अंकारा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की सहायक प्रोफेसर, बेतुल डोगन–अक्कास ने कहा कि पाकिस्तान के दोनों पक्षों के साथ अच्छे संबंध होने के कारण, वह मध्यस्थ की भूमिका के लिए एक स्वाभाविक पसंद बन गया। यह हफ्तों की कड़ी कूटनीति का नतीजा हैय ऐसी कूटनीति जिसके बारे में बहुत कम लोगों को यकीन था, कि पाकिस्तान कर पाएगा। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की, कि 22 से 23 मार्च के बीच, मुनीर ने सीधे तौर पर ट्रंप से बात की थी। 29 मार्च को, पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्री इस्लामाबाद में फिर से मिले। बैठक से पहले, शरीफ ने पेजेश्कियन के साथ लंबी बातचीत कीय पांच दिनों में यह उनकी दूसरी बातचीत थी। बातचीत के बाद, डार पेइचिंग गए, जो चीन की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की, और दोनों पक्षों ने एक पांच–सूत्री रूपरेखा तैयार की, जिसमें





# मेहनत और अनुशासन से ही मिलेगी सफलता– डॉ. पवन मिश्रा

## अनुशासन सफलता की कुंजी, जीवन में अपनाएं–संजय कुमार ;बीईओद्ध

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। ब्लॉक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषद के विभिन्न विद्यालयों–पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द, प्राथमिक विद्यालय इटवा भाट, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैदौला एवं प्राथमिक विद्यालय लुचुइया में वार्षिकोत्सव एवं अंकपत्र वितरण कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैदौला एवं प्राथमिक विद्यालय लुचुइया में मुख्य अतिथि प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा रहे, जबकि पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द एवं प्राथमिक विद्यालय इटवा भाट में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) संजय कुमार एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार उपस्थित रहे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैदौला के प्रधानाध्यापक संजय चौधरी एवं प्राथमिक विद्यालय लुचुइया के प्रधानाध्यापक द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. पवन मिश्रा का बैज एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।अपने संबोधन में डॉ. पवन मिश्रा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा।" उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता दें और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और अनुशासन बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने प्रेरणादायक उदाहरण देते हुए कहा कि गरीबी



कभी सफलता में बाधा नहीं बनती। यदि लगन और मेहनत हो तो व्यक्ति ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।वहीं खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को समय का पालन करने, नियमित अध्ययन करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी महत्वपूर्ण स्थान है, जहां बच्चों में अच्छे संस्कार और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्.तिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वार्षिक परीक्षा में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द की कक्षा 8 की टॉपर छात्रा महिमा को इंचार्ज प्रधानाध्यापक दधिचि कुमार द्वारा विशेष पुरस्कार स्वरूप साइकिल देकर सम्मानित किया गया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में संजय चौधरी ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वी पाल ने किया। अंत में इंचार्ज प्रधानाध्यापक दधिचि कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर लालजी यादव, संजीव कुमार, सुरेंद्र यादव, सौरभ निगम, प्रदीप कुमार, दिनेश त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, आशा गुप्ता, सावित्री, राकेश जायसवाल, राकेश राज, राजकुमार, अंजलि, रीता मिश्रा, पुष्पा मिश्रा, निर्मला, जानकी, नर्वदा सहित अनेक शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# चुपके से दिल्ली पहुंचे बांग्लादेशी विदेश मंत्री, एनएसए डोभाल ने किया बड़ा खेल

राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी स्थाई नहीं होती। सिर्फ हित स्थायी होते हैं। और इसी कहावत को बता दें कि सच



साबित करती एक बड़ी खबर सामने आई है जिसने हलचल मचा दी है। बता दें कि दिल्ली पहुंचे बांग्लादेश के विदेश मंत्री और इसके पीछे जो पर्दे की कहानी बताई जा रही है वो यह है कि अजीत डोभाल ने अपना मास्टर स्ट्रोक खेला है। यह खबरें सामने आई है कि 7 अप्रैल की शाम बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलील उर रहमान नई दिल्ली पहुंचे हैं। लेकिन बता दें कि यहां पर सिर्फ एक मुलाकात नहीं हो रही। यह सिर्फ एक दौरा नहीं है। यह भारत बांग्लादेश रिश्तों के नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है।

क्यों खास है यह दौरा – दरअसल ये इसलिए भी बड़ा है क्योंकि बांग्लादेश में सत्ता बदलने के बाद यह पहला हाई लेवल विजिट है। जहां अब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी कि बीएनपी की सरकार सत्ता में है और तारिक रहमान प्रधानमंत्री है। इसके पहले बता दें कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के दौरान दोनों देशों के बीच में यानी कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते में एक खटास आई थी। दोनों के रिश्ते में काफी तनाव आ गया था।

दिल्ली में किनसे होगी इनकी मुलाकात? – दरअसल 8 अप्रैल को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ हैदराबाद हाउस में बड़ी बातचीत के साथ ही उनकी मुलाकात होगी और इसी के साथ ही पीयूष गोयल हरदीप सिंह पूरी के साथ में भी उनकी मुलाकात हो सकती है और फिर उसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी उनकी मुलाकात होगी।

डोभाल फैक्टर क्यों अहम है? – अजीत डोभाल भारत की स्ट्रेटेजिक और सिक्योरिटी पॉलिसी के मास्टरमाइंड माने जाते हैं। उनका इस मीटिंग में शामिल होना यह साफ संकेत देता है कि बातचीत सिर्फ यहां पर डिप्लोमेसी की नहीं होगी बल्कि सिक्योरिटी और स्ट्रेटेजिक लेवल पर भी यहां पर बातचीत होगी।

किन–किन मुद्दों पर होगी बड़ी बातचीत – दरअसल बता दें कि इस दौरे में कई अहम मुद्दे टेबल पर होंगे। वीजा सेवाओं की बहाली जो जुलाई 2024 से बंद है। एनर्जी कॉरपोरेशन बढ़ाना, बॉर्डर मैनेजमेंट को मजबूत करना, नदी जल बंटवारा यानी कि टेस्टा जैसे मुद्दों पर भी बातचीत हो सकती है। व्यापार को आसान बनाना, वीजा और मेडिकल टूरिज्म पर भी फोकस रहेगा। बांग्लादेश की तरफ से खास यहां पर दबाव रहेगा क्योंकि वीजा सर्विस पूरी तरह से बहाल करने का यहां पर बात की गई क्योंकि इससे मेडिकल टूरिज्म प्रभावित हुआ है। भारत लंबे समय से बता दें कि बांग्लादेश के मरीजों के लिए बड़ा मेडिकल हब रहा है।

# ईरान की कौन सी 10 बड़ी शर्तें मान गया अमेरिका? तेहरान ने कहा बड़ी जीत, देखें लिस्ट

अंग्रेजी में कहते हैं हू ब्लिंक फर्स्ट ट्रंप ने ब्लिंक किया और जो अभी तक वो बड़े हाई हॉर्स पर घूम रहे थे उनको नीचे आना पड़ा क्योंकि उन्होंने कुछ दिन पहले ही बोला था कि हम ऐसी बर्बादी करेंगे ईरान के अंदर सिविलाइजेशन खत्म होगी। उनको फिर उसके उससे हटना पड़ रहा है। ईरान की एक बहुत बड़ी जीत है। क्योंकि अमेरिका ने जितने भी अपने लक्ष्य रखे थे, ऑब्जेक्टिव रखे थे, किसी में भी वो कामयाब नहीं हुए। रिजीम चेंज हुआ नहीं, यूरेनियम उनको मिला नहीं। वहां पर सिविल सोसाइटी ने जो अमेरिका की बात सुनकर सड़कों पर आए और अमेरिका के मुताबिक ही 42,000 लोग मारे गए। उनका क्या हुआ? अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि दो हफ्तों के लिए ईरान पर हमले रोके जाएंगे। यानी कि सीज फायर का ऐलान कर दिया गया है। अब सीज फायर के बीच ईरान की 10 शर्तों का जिक्र हो रहा है जो ईरान ने अमेरिका के सामने रखी हैं। इन 10 शर्तों में क्या–क्या है? इसे पॉइंट्स में समझते हैं।

सबसे पहली है कि डील जो हुई है उसमें सुरक्षा की गारंटी हो। स्थाई शांति हो और लेबनान में भी शांति हो। यह ईरान की तरफ से शर्त रखी गई थी। साथ ही प्रतिबंधों की समाप्ति हो।




सहयोगियों की सुरक्षा भी हो। स्टेट ऑफ हार्मोस को खोलना गुजरने पर फीस तय की जाए। यह भी मांग की गई ईरान की तरफ से। साथ ही ओमान की साझेदारी की चर्चा भी ईरान की तरफ से किया गया है। सुरक्षित मार्ग के नियम लागू हो। कंस्ट्रक्शन फंड यानी कि मुआवजा जो है वो ईरान की तरफ से मांगा गया। जो तबाही हुई उसके लिए पैसे दिए जाए, मुआवजा दिया जाए। यह ईरान ने कंडीशन रख दी है इस पूरी डील की। तो ईरान की तरफ से ये 10 शर्तें हैं। वहीं अमेरिका की तरफ से 15 शर्तें ईरान के सामने रखी गई है। जाहिर है दोनों देशों के बीच में सहमति बनी है और तभी सीज फायर का ऐलान हुआ है। यानी ना अमेरिका ईरान को छेड़ेगा ना इजराएल अब छेड़ेगा और वहीं ईरान की तरफ से भी वाइस ऑफ वर्षा होने की उम्मीद है। तो सीज फायर पर ये जो शर्तें हैं वो रखी गई है।

ईरान की 10 शर्तें – 1. हमला नहीं करने का वादा दृ अमेरिका ईरान पर किसी तरह का हमला नहीं करेगा। 2. हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण – इस अहम समुद्री रास्ते पर ईरान का अधिकार बना रहेगा। 3. यूरेनियम संवर्धन की मंजूरी – ईरान को परमाणु कार्यक्रम के तहत संवर्धन की अनुमति मिलेगी।

4. सभी मुख्य प्रतिबंध खत्म– अमेरिका द्वारा लगाए गए सीधे आर्थिक प्रतिबंध हटाए जाएंगे। 5. दूसरे देशों के जरिए लगाए गए प्रतिबंध भी खत्म – सेकेंडरी सैंक्शन भी हटाए जाएंगे। 6. UN सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव खत्म – ईरान पर लगे संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध समाप्त होंगे। 7. IAEA के प्रस्ताव समाप्त – परमाणु एजेंसी के बोर्ड द्वारा लगाए गए प्रस्ताव भी खत्म होंगे। 8. ईरान को मुआवजा – नुकसान के लिए ईरान को आर्थिक भरपाई दी जाएगी। 9. अमेरिकी सेना की वापसी –अमेरिका अपने लड़ाकू सैनिक इस क्षेत्र से हटाएगा। 10. हर मोर्चे पर युद्ध बंद – लेबनान सहित सभी जगह सैन्य कार्रवाई रोकी जाएगी

# आयुष ने एशियाई चैंपियनशिप में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी लिन शी फेंग को हराया

भारत के आयुष शेट्टी ने बुधवार को बैडमिंटन एशियाई चौंपियनशिप



में चीन के विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी लिन शी फेंग को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले विश्व के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने 51 मिनट में 21–13 21–16 से जीत दर्ज की।

लिन ने शुरुआत में ही 4–1 की बढ़त बना ली, लेकिन आयुष ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 7–7 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने धीरे–धीरे खेल पर नियंत्रण बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में चीन के खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 4–1 से बढ़त हासिल कर दी और फिर इसे 12–9 तक बढ़ा दिया, लेकिन आयुष ने लगातार छह अंक बनाकर मैच का रुख पलट दिया और स्कोर 18–13 कर दिया। लिन ने अंतर कम करते हुए स्कोर 16–18 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और खिताब के दावेदार माने जा रहे लिन को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारत का कोई भी खिलाड़ी 1965 के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पुरुष एकल का खिताब नहीं पाया है। तब दिनेश खन्ना ने खिताब जीता था। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में पुरुष युगल का खिताब जीता था। सात्विक के चोटिल होने के कारण यह स्टार भारतीय जोड़ी इस बार टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रही है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य पर ट्रंप की चेतावनी से पहले बड़ा खेल, हवाई हमले में ईरान के खुफिया प्रमुख की मौत

अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष 38वें दिन में प्रवेश कर चुका है और इसके धीमा होने के कोई आसार नहीं हैं। हालात हर घंटे और गंभीर होते जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को दी गई समय सीमा 24 घंटे बढ़ा दी है और चेतावनी दी है कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा नहीं खोलता है तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने ष्मंगलवार, रात 8रू00 बजे पूर्वी समय!ष लिखकर यह स्पष्ट कर दिया कि समय कम होता जा रहा है। इससे पहले, उन्होंने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि ईरान को ष्नरकष का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें बिजली संयंत्रों और पुलों पर अमेरिकी हमले भी शामिल हैं। ईरान ने तुरंत जवाब देते हुए कहा कि वह किसी भी हमले का ष्जैसे को तैसाष जवाब देगा। इसी बीच, जमीनी हालात और भी बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिका ने पुष्टि की है कि ईरान में एक लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसने दूसरे पायलट को बचा लिया है, हालांकि खबरों के मुताबिक उस इलाके में हुए हमलों में कई लोग मारे गए हैं। इजराइल में, हाइफा में एक मिसाइल ने एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया, जिसमें कई लोग घायल हुए और कुछ लापता हो गए। खाड़ी क्षेत्र में, कुवैत में प्रमुख ऊर्जा सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया है, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस बीच, बेरूत के पास समेत लेबनान के कुछ हिस्सों में इजराइली हमले जारी हैं, जहां हताहतों की खबरें आई हैं। तनाव अब संघर्ष क्षेत्र से बाहर भी फैल रहा है, और चेतावनी दी गई है कि अगर स्थिति और बिगड़ती है तो बाब अल–मंडाब जलडमरूमध्य जैसे अन्य महत्वपूर्ण मार्गों को भी निशाना बनाया जा सकता है।

कतर ने शांति की अपील की, गंभीर परिणामों की चेतावनी दीः कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी ने मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाने का आग्रह किया है और चेतावनी दी है कि आगे सैन्य तनाव बढ़ने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कतर के विदेश मंत्रालय के अनुसार, अल थानी ने स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस के साथ फोन पर बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में ईरान की कार्रवाइयों को रोकने



की आवश्यकता पर जोर दिया और बातचीत को तुरंत फिर से शुरू करने का आह्वान किया।

तेहरान में अस्पताल खाली कराए गए, स्वास्थ्य सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुईंः ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि फरवरी के अंत में शुरू हुए अमेरिकी–इजरायली हवाई हमलों के बाद से राजधानी के आठ अस्पतालों को खाली करा लिया गया है। ये निकासी लगातार हमलों के कारण चिकित्सा बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताओं के मद्देनजर की गई है। मंत्रालय के अनुसार, नुकसान व्यापक रहा है, जिसमें अब तक 54 आपातकालीन केंद्र, 46 चिकित्सा इकाइयां, 216 स्वास्थ्य केंद्र और 41 एम्बुलेंस प्रभावित हुए हैं।

ईरान से F–15 विमान के चालक दल को बचाने में इजराइल ने अमेरिका की कैसे मदद की?

ईरान द्वारा अपने क्षेत्र में अमेरिकी **F-15E** स्ट्राइक ईगल विमान को मार गिराए जाने के लगभग 48 घंटे बाद, रविवार को अमेरिकी सेना ने दुर्घटनाग्रस्त विमान के दूसरे चालक दल के सदस्य को बचा लिया। यह बचाव अभियान केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) द्वारा किए गए एक सुनियोजित ष्धोखाधड़ी अभियानष के बाद ही संभव हो पाया। अब इस ष्साहसिकष बचाव अभियान के बारे में नए विवरण सामने आए हैं, जिनमें दावा किया गया है कि इस अभियान में इजराइल ने भी अमेरिकी सेना का समर्थन किया था।

भारतीय ध्वज वाला एक और जहाज ग्रीन आशा होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गया

मध्य पूर्व में जारी तनाव के बावजूद, भारतीय ध्वज वाले जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर रहे हैं, जिससे जहाजरानी और ऊर्जा आपूर्ति संबंधी चिंताओं में कुछ राहत मिली है। नवीनतम जहाज, ग्रीन आशा ने अपना पारगमन पूरा कर लिया है, और 28 फरवरी को क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने के बाद से इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने वाला यह आठवां भारतीय ध्वज वाला जहाज बन गया है।

ईरानी हमले के मलबे से कुवैत के रिहायशी इलाके में छह लोग घायलः कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि ईरानी हमले के बाद देश के उत्तरी हिस्से में एक रिहायशी इलाके में बम और छर्रे गिरने से छह लोग घायल हो गए। कुवैत समाचार एजेंसी (ज्ञन्छ।) के अनुसार, आपातकालीन चिकित्सा दल और एम्बुलेंस सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायलों का इलाज करते हुए उन्हें पास के अस्पतालों में पहुंचाया।

इमारत पर हवाई हमले, 13 लोगों की मौत

ईरान की राजधानी तेहरान के दक्षिण–पश्चिम में स्थित एक शहर की एक रिहायशी इमारत पर हुए हवाई हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। ईरानी मीडिया ने यह जानकारी दी। अर्ध–सरकारी समाचार एजेंसी फार्स और नूर न्यूज ने बताया कि यह हमला इस्लामशहर के पास हुआ। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि इस इमारत को क्यों निशाना बनाया गया। सोमवार सुबह हुए इन हमलों की जिम्मेदारी न तो इजराइल और न ही अमेरिका ने ली है। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उसे होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना होगा। इस बीच, तेहरान में सोमवार तड़के हुए कई हवाई हमलों में शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया ने इन हमलों और वहां इमारतों को हुए नुकसान की जानकारी दी, साथ ही परिसर के पास स्थित प्राकृतिक गैस वितरण केंद्र पर भी असर पड़ने की बात कही। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि विश्वविद्यालय परिसर के अंदर किस चीज को निशाना बनाया गया। युद्ध के कारण ऑनलाइन कक्षाएं ली जा रही हैं, जिसकी वजह से विश्वविद्यालय खाली है। इस विश्वविद्यालय पर वर्षों से कई देशों ने प्रतिबंध लगा रखे हैं क्योंकि इसका सैन्य कार्यों, खासकर ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंध रहा है।

ट्रंप की नई धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान और उसके बुनियादी ढांचे पर हमले तेज करने की नयी और अपशब्दों से भरी धमकियां दीं। ट्रंप ने कहा कि यदि ईरान उनकी ओर से तय समय सीमा तक होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोलता है तो उसपर हमले तेज कर दिए जाएंगे। यह धमकी अमेरिकी सेना द्वारा उस पायलट को बचाने के बाद दी गई जिसका विमान ईरान द्वारा मार गिराया गया था। अमेरिका का यह विमान दुश्मन के क्षेत्र में गिरा था। ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य खोले या फिर विनाशकारी परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, "याद है जब मैंने ईरान को समझौता करने या होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए दस दिन का समय दिया था?" उन्होंने कहा, "समय तेजी से बीत रहा है – 48 घंटे बाद उन पर कहर टूट पड़ेगा।" ईरान ने अड़ियल रवैया अपनाते हुए पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया है और खाड़ी के अरब देशों के बुनियादी ढांचे पर हमले किए तथा बचाव अभियान के बारे में अमेरिकी बयान को चुनौती दी। ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार, संयुक्त सैन्य कमान के प्रमुख जनरल अली अब्दुल्ला अलीबादी ने ट्रंप की हालिया धमकी के जवाब में कहा, "यदि ईरान के बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया, तो दुश्मनों के लिए जहन्नुम के दरवाजे खोल दिए जाएंगे।"

## माओवादी विचारधारा पर बीजेपी का कांग्रेस पर बड़ा हमला, रिजिजू ने की राहुल और सोनिया से पूछताछ की मांग

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वामपंथी उग्रवाद से जुड़े व्यक्तियों से मुलाकातों के संबंध में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछताछ की मांग की है। 31 मार्च को नई दिल्ली में बोलते हुए, रिजिजू ने लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ सरकार के प्रयासों पर दिए गए बयानों का जवाब दिया। रिजिजू ने कहा कि नक्सलवाद पर केंद्र का रुख बिल्कुल स्पष्ट है और यह उग्रवादी विचारधारा से जुड़ी वर्षों की हिंसा पर आधारित है। रिजिजू ने कहा कि अगर आप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बयान ध्यान से सुनें, तो यह बिल्कुल स्पष्ट है। जब वामपंथी उग्रवाद पूरे देश में फैला, तो आम लोगों ने अपनी जान गंवाई, हजारों सुरक्षा बलों के जवान शहीद हुए, यहां तक ध्धकि कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी मारे गए। विपक्ष को सीधे संबोधित करते हुए रिजिजू ने आगे कहा कि अब राहुल गांधी और सोनिया गांधी वामपंथी उग्रवाद और माओवादी विचारधारा फैलाने वाले नेताओं से मिल रहे हैं। इसलिए, सिर्फ हमसे सवाल न करें। कांग्रेस नेताओं से सवाल किए जाने चाहिए। कांग्रेस के लोग भी मारे जा रहे हैं। ये टिप्पणियां अमित शाह द्वारा संसद में भारत को नक्सल–मुक्त घोषित करने के बाद आईं, जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में से एक बताया।

## शांति प्रस्ताव खारिज, अब अटैक का खतरा?

### ईरान के तेल भंडार पर डोनाल्ड ट्रम्प की नजर

ईरान ने मध्य पूर्व में संघर्ष समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा रखे गए 15 सूत्री प्रस्ताव को एक बार फिर खारिज कर दिया है। देश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने इसे अवास्तविक और अनुचित बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच कोई सीधी बातचीत नहीं हुई है और सभी संचार मध्यस्थों के माध्यम से ही हुए हैं। अल अरबिया न्यूज के अनुसार, उन्होंने कहा कि ईरान को भेजे गए प्रस्ताव अधिकतर अवास्तविक, अनुचित और अत्यधिकश हैं। 15 सूत्री शांति प्रस्ताव का विवरण अभी उपलब्ध नहीं है, लेकिन ट्रम्प ने पहले दावा किया था कि ईरान शर्तों पर सहमत हो गया है। उन्होंने यह भी दावा किया था कि प्रस्ताव पाकिस्तान के माध्यम से ईरान को भेजा गया था। हालांकि, उन्होंने बातचीत को लेकर अनिश्चितता की ओर भी इशारा किया था। 79 वर्षीय अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था, हम उनसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बातचीत कर रहे हैं। हमारे दूत हैं, लेकिन हम सीधे तौर पर भी बातचीत कर रहे हैं। ईरान के साथ कुछ भी निश्चित नहीं होता, क्योंकि हम उनसे बातचीत करते हैं और फिर हमें हमेशा उन्हें उड़ाना पड़ता है।

### Kharg Island में बिछेंगी अमेरिकी सैनिकों की लाशें? अपने खजाने को बचाने के लिए ईरान ने बना लिया प्लान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह ईरान का तेल अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। 29 मार्च को फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में ट्रंप बोले मुझे सबसे अच्छा यही लगता है कि हम ईरान का तेल ले लें। उन्होंने इसकी तुलना वेनेजुएला से की जहां राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उठाने के बाद से वहां के तेल इंडस्ट्री को लंबे समय तक अपने कंट्रोल में रखने की योजना बनाई गई है। ईरान का ज्यादातर तेल एक ही जगह से बाहर आता है खार्ग आइलैंड से। ट्रंप ने कहा कि सच कहा जाए तो मेरा फेवरेट काम है ईरान से तेल लेना। अमेरका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान में अपनी सैन्य कार्रवाई खत्म करने के लिए एक नए और पहले से अधिक समझदार शासन से गंभीर बातचीत कर रहा है। बातचीत में अच्छी प्रगति हुई है और उम्मीद है कि जल्द समझौता हो जाएगा। लेकिन अगर जल्दी समझौता नहीं हुआ, और अगर होर्मुज जलडमरूमध्य तुरंत व्यापार के लिए खुला नहीं किया गया, तो अमेरिका ईरान में अपने इस रुकने को खत्म करते हुए वहां के बिजली बनाने वाले प्लांट, तेल के कुएं और खार्ग द्वीप (और संभव है समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाने वाले प्लांट भी) को पूरी तरह नष्ट कर देगा।

## बलरामपुर रेलवे स्टेशन बना गुंडा टैक्स का अड्डा, यात्रियों से मारपीट, महिलाएं भी नहीं सुरक्षित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद के रेलवे स्टेशन परिसर में कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दिनांक 30 मार्च 2026 को ट्रेन संख्या 15070 (गोरखपुर इंटरसिटी) से बलरामपुर पहुंचे यात्रियों को उस समय भयावह स्थिति का सामना करना पड़ा, जब स्टेशन के बाहर टैक्सी स्टैंड पर दबंगों द्वारा खुलेआम "गुंडा टैक्स" की वसूली की जा रही थी। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, 5–7 दबंग किस्म के व्यक्तियों द्वारा यात्रियों से जबरन पैसे वसूले जा रहे थे। विरोध करने पर यात्रियों के साथ मारपीट की गई, वहीं महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार और धक्का–मुक्की की गई। इस दौरान स्टेशन परिसर में अफरा–तफरी और डर का माहौल बन गया। हालात बिगड़ते देख तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और टैक्सी स्टैंड संचालक के गुर्गों के चंगुल से यात्रियों को सुरक्षित निकाला। पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो इस गंभीर मामले की पुष्टि करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के बाहर अवैध वसूली और गुंडागर्दी अब आम बात हो गई है। आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। यात्रियों और आम जनता ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और रेलवे स्टेशन परिसर को गुंडा तत्वों से मुक्त कराया जाए, ताकि आम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



## अज्ञात कारणों से आईटीआई के छात्र ने घर में लगाई फांसी हुई मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के हीराचक गांव में एक दिल दहला देने वाला घटना सामने आया है,जहां एक 19 वर्षीय आईटीआई छात्र ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। युवक ने सुसाइड नोट भी छोड़ा, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। मिली जानकारी के अनुसार, हीरचक पोलवा गांव निवासी देवानंद पांडेय (19), पुत्र आनंद कुमार पांडेय, मॉडर्न आईटीआई पोलवा महुली का छात्र था। मंगलवार की रात वह घर में अकेला था। उसके पिता आनंद कुमार पांडेय, जो पेशे से जजमानी का काम करते हैं, उस दिन गांव से बाहर गए हुए थे। वहीं बड़ा भाई और उसकी पत्नी भी मायके गए थे। घर में अकेलेपन के बीच देवानंद ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। उसने घर के बड़ेर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रात में जब उसकी मां कलावती देवी, जो गांव में आशा काम करती हैं, अपने घर लौटीं तो घर में अंधेरा था। उन्होंने जैसे ही लाइट जलाई और मोबाइल चार्ज करने कमरे में पहुंचीं, वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। उनका बेटा देवानंद बड़ेर से फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। यह .श्य देखकर मां चीख–चिल्लाने लगीं। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।



घटनास्थल का मंजर देख हर कोई स्तब्ध रह गया। घटना की जानकारी तत्काल ग्राम प्रधान और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही विंढमगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच–पड़ताल शुरू की। स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मर्चरी हाउस भेज दिया।

## बुद्ध विहार जवाही पटेहरा में सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव भव्य रूप से संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड के गांव पटेहरा स्थित बुद्ध विहार जवाही में बुधवार को देर शाम तक सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सम्राट अशोक की लोक कल्याणकारी नीतियों और उनके आदर्श शासन व्यवस्था को जन–जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम का आगाज भारतीय संविधान की प्रस्तावना के वाचन, दीप प्रज्वलन, त्रिशरण एवं पंचशील की परंपरा के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने तथागत बुद्ध एवं सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता मा. विकास शाक्य जी ने धम्म के महत्व पर जोर देते हुए कहा बुद्ध के शीलों को केवल सुनें नहीं, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। हमें अन्य धर्मों की आलोचना करने से बचना चाहिए, क्योंकि किसी की आलोचना करना स्वयं धम्म को कमजोर करने के समान है। मुख्य वक्ता जवाहर लाल मौर्य एवं संजय मौर्य ने सम्राट अशोक की कुशल शासन व्यवस्था और उनके द्वारा प्रतिपादित नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। रमेश गौतम (जिलाध्यक्ष, आप सोनभद्र ) विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक का शासन आम आदमी की सहूलियत और कल्याण को ध्यान में रखकर चलाया जाता था। वक्ता अंशुमान मौर्य ने संबोधन में बताया कि बौद्ध धम्म अपनाने के बाद भी अशोक का वैचारिक सीमा विस्तार जारी रहा, यही कारण है कि आज विश्व के अधिकांश देशों में बौद्ध धर्म का प्रभाव है। समाजसेवी विशाल सिंह शविपुलश अतिथियों एवं दर्जनों उपासकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए साथ ही आगे भी सहयोग देने की बात की ,कार्यक्रम की अध्यक्षता रामप्रताप मौर्य ने की, जबकि संचालन घनश्याम मौर्य, स्वारथ मौर्य एवं मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र मौर्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेंद्र मौर्य(प्रधान पटेहरा लालब्रत मौर्य और सुरेश मौर्य समिति संरक्षक), अजीत कांत निराला (जिलाध्यक्ष, सम्राट अशोक क्लब भारत),रामाज्ञा मौर्य (प्रधान भरूंहा) सर्वजीत कुशवाहा (प्रबंधक), नेमचंद मौर्य, संदीप मौर्य समेत क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और सम्राट अशोक के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।



## परंपरा और टेक्नालॉजी को साथ चलना होगाः जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में भाग लिया और संस्थान की प्रगति की सराहना करते हुए इससे जुड़े होने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने परंपरा, प्रौद्योगिकी और वैश्विक कूटनीति के संगम पर जोर देते हुए विश्वविद्यालय के भविष्य के लिए इस आयोजन के महत्व को रेखांकित किया और स्नातकों को इसकी प्रगति में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। राजगीर में आज नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था के लोकतंत्रीकरण में नालंदा की परंपरा एक सशक्त प्रभाव डाल सकती है। एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि 600 से अधिक स्नातक। 31 राष्ट्र। एक साझा यात्रा! भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ आज राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में भाग लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। नालंदा भारत की बौद्धिक विरासत और सांस्कृतिक गौरव की स्मृतियों को ताजा करता है और दुनिया को याद दिलाता है कि प्रौद्योगिकी और परंपरा – विकास भी, विरासत भी – को साथ–साथ चलना चाहिए।

## केरल में एलडीएफ और यूडीएफ की मैच फिक्सिंग होगी खत्म, जनता कमल खिलाएगीः नबीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने केरलम के एलडीएफ और यूडीएफ पर राजनीतिक खेल–खेल में हेराफेरी का आरोप लगाया और दावा किया कि भाजपा के बढ़ते वोट शेयर से उसे जीत मिलेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे पर तीखा हमला करते हुए उन पर सत्ता में बने रहने के लिए एक–दूसरे का समर्थन और आलोचना करके खेल–खेल में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। एएनआई से बात करते हुए नबीन ने केरल में भाजपा के बढ़ते समर्थन पर प्रकाश डाला और बताया कि पार्टी का वोट शेयर 2ः से बढ़कर 20ः हो गया है, जो इसकी निरंतर प्रगति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य अब केवल केरल से विकसित केरल बनने की ओर अग्रसर है। नबीन ने कहा कि इस बार भाजपा केरल में कमल खिलाएगी। यहां की जनता से हमें जो समर्थन मिल रहा है – 2ः वोट शेयर से 20ः तक पहुंचना – हमारी प्रगति को दर्शाता है।

## पात्र .षक बन्धुओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जायेगा–जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस योजना से वंचित न रहे, जिलाधिकारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिये है कि राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को .षि क्षेत्र में एकी.त लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है, उन्होने कहा कि जिससे किसान विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है, तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक पात्र किसान को किसान पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये है कि .षि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समय सीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए, साथ ही, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग 31 मई 2026 तक आवश्यक तैयारियां पूरी कर .षि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें, ताकि सभी विभागों में एक समान व्यवस्था लागू हो सके। जिन .षक बन्धुओं का फार्मर रजिस्ट्री अप्रैल 2026 तक पूरा नहीं होगा, उन्हें किसान सम्मान निधि और अन्य .षि संबंधी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।



## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9.063 अरब डॉलर बढ़कर 697.121 अरब डॉलर रहा

नई दिल्ली ,11 अप्रैल । भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में 9.063 अरब डॉलर बढ़कर 697. 121 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए डेटा में दी गई। इससे पहले के हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में 10.288 अरब डॉलर की गिरावट देखी गई थी। इसकी वजह एफसीए की वैल्यू में गिरावट आना था।

आरबीआई के डेटा के मुताबिक, 3 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार के अहम घटक गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 7.221 अरब डॉलर बढ़कर 120.742 अरब डॉलर हो गई है।

विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) की वैल्यू 1.784 अरब डॉलर बढ़कर 552.856 अरब डॉलर हो गई। एफसीए में डॉलर के साथ दुनिया की कई अहम मुद्राएं जैसे येन, यूरो और पाउंड होते हैं, जिनकी वैल्यू को डॉलर में दिखाया जाता है।

आरबीआई के अनुसार, 3 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में एसडीआर की वैल्यू 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.707 अरब डॉलर हो गई है। वहीं, भारत की आईएमएफ (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) में रिजर्व पॉजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 4.816 अरब डॉलर पर यथावत रही है।

किसी भी देश के लिए उसका विदेशी मुद्रा भंडार काफी महत्वपूर्ण होता है, और इससे उस देश की आर्थिक स्थिति का पता लगता है। इससे अलावा, यह मुद्रा की विनिमय दर को स्थिर रखने में बड़ी भूमिका निभाता है।

उदाहरण के लिए अगर किसी स्थिति में डॉलर के मुकाबले रुपए पर अधिक दबाव देखने को मिलता है और उसकी वैल्यू कम होती है तो केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल कर डॉलर के मुकाबले रुपए को गिरने से रोक सकता है और विनिमय दर को स्थिर रखता है।

बढ़ता हुआ विदेशी मुद्रा भंडार यह भी दिखाता है कि देश में डॉलर की आवक बड़ी मात्रा में बनी हुई है और यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है। साथ ही इसके बढ़ने से देश के लिए विदेशों में व्यापार करना भी आसान हो जाता है।

## पश्चिम बंगाल एसआईआर केसः 47 लाख आपत्तियों के निपटारे से सुप्रीम कोर्ट खुश, कलकत्ता एचसी ने दी जानकारी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में प्राप्त 60 लाख आपत्तियों में से लगभग 47 लाख आपत्तियों का निपटारा 31 मार्च तक कर दिया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा विपुल एम पंचोली की पीठ ने बताया कि उन्हें मंगलवार को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से एक पत्र प्राप्त हुआ है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ष्हम तथ्यों और आंकड़ों से बेहद खुश और आशावादी हैं। मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने सूचित किया है कि प्रतिदिन लगभग 175 लाख से 2 लाख आपत्तियों पर विचार किया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने बताया है कि 7 अप्रैल तक सभी आपत्तियों का निपटारा कर दिया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने सर्वोच्च न्यायालय को आगे सूचित किया कि प्रतिदिन लगभग 175,000 से 200,000 आपत्तियों पर विचार किया जा रहा है और सभी आपत्तियों का निपटारा 7 अप्रैल तक कर दिया जाएगा।

## सीनियर सिटीजन की हुई मौज, इस स्कीम में मिल रहा 9.2 का छप्परफाड़ ब्याज

नई दिल्ली । आज के समय में लगातार बढ़ती महंगाई के बीच हर इंसान यही चाहता है कि उसकी गाढ़ी कमाई सुरक्षित भी रहे और उस पर तगड़ा मुनाफा भी मिले। खासकर जब बात सीनियर सिटीजन की आती है, तो निवेश का फैसला और भी सोच–समझकर लेना पड़ता है। ऐसे में फिक्स्ड डिपॉजिट (स्नष्ठ) को हमेशा से ही एक बेहद भरोसेमंद और सुरक्षित विकल्प माना गया है। अब बुजुर्गों के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आई है, जहां उन्हें अपने निवेश पर पहले से कहीं ज्यादा और आकर्षक ब्याज दर मिलने जा रही है।

सीनियर सिटीजन के लिए जबरदस्त है ऑफर

हाल ही में एक वित्तीय कंपनी ने अपनी एफडी स्कीम पर ब्याज दरों में शानदार बढ़ोतरी कर दी है। एक तरफ जहां आमतौर पर बैंक सीनियर सिटीजन को केवल 7 से 7.5 प्रतिशत तक का ही रिटर्न देते हैं, वहीं यह नई पेशकश 9.2 प्रतिशत तक का सालाना ब्याज देने का दावा कर रही है। इसका सीधा मतलब यह है कि अगर कोई बुजुर्ग अपनी जीवन भर की बचत को इस स्कीम में लगाता है, तो उसे पारंपरिक बैंक एफडी की तुलना में जबरदस्त फायदा मिलने वाला है। इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज दरें 8. 38 प्रतिशत से शुरू होकर अधिकतम 9.2 प्रतिशत तक जाती हैं। यह ब्याज दर इस बात पर निर्भर करती है कि पैसा कितने समय के लिए जमा किया गया है। यानी निवेश की अवधि जितनी लंबी होगी, आपका रिटर्न भी उतना ही शानदार होने की संभावना है।

आम निवेशकों के लिए भी मुनाफे का सौदा

अगर आप सीनियर सिटीजन की श्रेणी में नहीं आते हैं, तब भी आपको निराश होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। आम निवेशकों के लिए भी यह योजना किसी शानदार मौके से कम नहीं है। इसमें आम लोगों को 7.88 प्रतिशत से लेकर 8.75 प्रतिशत तक का तगड़ा ब्याज ऑफर किया जा रहा है, जो मौजूदा समय में कई प्रमुख बैंकों की दरों से काफी बेहतर माना जा रहा है। इसी शानदार रिटर्न की वजह से यह योजना अब हर आयु वर्ग के निवेशकों को अपनी तरफ खींच रही है। इस एफडी में निवेश के लिए काफी लचीलापन भी दिया गया है। आप अपनी आर्थिक जरूरत के हिसाब से 1 साल से लेकर 5 साल तक की अवधि के लिए अपना पैसा इसमें सुरक्षित कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया को भी बहुत आसान रखा गया है। इच्छुक लोग घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं या फिर अपनी नजदीकी शाखा में जाकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

पैसे लगाने से पहले इन नियमों को जान लेना है जरूरी

ऑफर भले ही कितना भी आकर्षक हो, लेकिन निवेश करने से पहले कुछ अहम बातों का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। आपको बता दें कि अगर आपकी एफडी से सालाना मिलने वाला ब्याज 50,000 रुपये की सीमा को पार कर जाता है, तो उस पर टीडीएस (ज्क्ैष्ठ) काटा जा सकता है। हालांकि, इस स्थिति में आप फॉर्म 15भ् जमा करके टैक्स कटौती से बच सकते हैं, बशर्ते आप इसके लिए पात्र हों। इसके अलावा, यदि आपको मैच्योरिटी से पहले अचानक पैसों की सख्त जरूरत पड़ती है और आप बीच में ही अपनी एफडी तुड़वाते हैं, तो उस पर कुछ पेनल्टी भी लगाई जा सकती है। इसलिए अपनी मेहनत की कमाई निवेश करने से पहले सभी नियमों और शर्तों को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए। फाइनेंशियल एक्सपर्ट्स भी हमेशा यही सलाह देते हैं कि अपने सारे पैसे एक ही जगह लगाने के बजाय अलग–अलग विकल्पों में बांटकर निवेश करना चाहिए, जिससे जोखिम कम होता है और रिटर्न भी संतुलित रहता है। सही जानकारी और समझदारी के साथ उठाया गया यह कदम आपके भविष्य को आर्थिक रूप से काफी मजबूत बना सकता है।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर की गई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 14 अप्रैल को जनपद के चारों विधानसभा 400 घोरावल 401 रावटसगंज 402 ओबरा एवं 403 दूधी के सभी सेक्टर वार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती गरिमा पूर्ण तरीके से मनाने के लिए पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के एक–एक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को जिम्मेदारी है कि हर बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची का निरीक्षण कर ले और जिन लोगों का मतदाता सूची में नाम छूटे है उनका नाम बढ़ाने का काम करें और जो नाम गलत है उसको कटवाने का काम करें जिससे मतदाता सूची सही हो सके। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि हर विधानसभा में सेक्टर वार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मना कर उनके संविधान को बताने का काम करें। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे पूर्व विधायक परमेश्वर दयाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के एक–एक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं




पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें और संगठन को मजबूत करने का काम करें ।बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह पटेल श्याम बिहारी यादव संजय यादव विजय यादव सुनील गौड़ चौधरी यशवंत सिंह पटेल अनिल कुमार यादव राम भरोसे सिंह पटेल गीता गौर जयप्रकाश उर्फ चेखूर पांडे बाबूलाल यादव विजय शंकर जायसवाल अवध नारायण यादव परमेश्वर यादव रुखसाना खाना राम प्यारे सिंह पटेल मोहम्मद सईद कुरैशी रामप्यारे सिंह पटेल लाल बहादुर पाल त्रिपुरारी गौड़ अशोक पटेल रमेश सिंह यादव डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल अनिल प्रधान सुरेश यादव रामाशंकर यादव रमेश कुमार वर्मा शिवनारायण चौहान नाम और कुशवाहा राजेश विश्वकर्मा राम सजीवन अहीर जलालुद्दीन विमलेश पटेल राजेंद्र यादव रामेश्वर भाई पटेल प्रमोद यादव लाल भरत यादव जगत पटेल अजय यादव आनंद पटेल दीपक केसरी कृष्ण मुरारी कुमारी मंदाकिनी पांडे तुम्हारे नीचे पांडे दशरथ यादव विवेक सिंह पटेल सूरज मिश्रा प्रदीप अभिनव पांडे हिदायतुल्ला खान सत्यम पांडे ए फारूक अली जिलानी परशुराम लालू भारती रणजीत मौर्य प्रदीप कनौजिया चंद्र भूषण यादव संजय यादव संतोष पासवान सरदार पार ब्रह्म सिंह के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# क्रिकेट मैच का सपा नेता ने किया उद्घाटन कहा खेल ईमानदारी व शालिनता से खेलें

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। मारुतिनंदन स्पोर्टिंग क्लब मदैनिया द्वारा आयोजित रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट शनिवार को शुरू हुआ। मुख्य अतिथि सपा नेता जिलापंचायत सदस्य जय प्रकाश पाण्डेय उर्फ़ चेखुर पाण्डेय ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल ईमानदारी और शालीनता से खेलें। विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा काशी प्रांत मीडिया प्रभारी बिपीन तिवारी ने कहा कि युवा समाज व देश की दिशा व दशा देने का काम करते हैं। खेल के माध्यम से युवाओं को निखरने का मौका मिलता है। उद्घाटन मैच युवा



सपोर्टिंग क्लब टिकुरिया सोनभद्र और बजरंग स्पॉटिंग क्लब खोराडीह मिर्जापुर के बीच हुआ। टिकुरिया की टीम ने 8ओवर में 4विकेट पर94 रन का लक्ष्य रखा ।जबाब में उतरी खोराडीह की टीम 8ओवर में 88 रन पर ही सिमट गई। टिकुरिया की टीम विजई हुई। दूसरा मैच पड़रवा और टिकुरिया बी टीम के बीच हुआ जिसमे टिकुरिया बी टीम ने बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 85रन का लक्ष्य रखा। जबाब में उतरी पड़रवा की टीम ने आठ ओवर में 87रन बनाकर मैच जीत लिया। तीसरा मैच हिनौता और तिलया के बीच हुआ ।हिनौता की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 6विकेट के नुकसान पर 46 रन का लक्ष्य रखा ।जबाब में उतरी तिलया की टीम ने 4ओवर में 50 रन बनाकर जीत हासिल किया। चौथा मैच खैरवा और खोराडीह के बीच हुआ जिसमे खैरवा की टीम बल्लेबाजी करते हुए 8ओवर में 3विकेट के नुकसान पर 126रन का लक्ष्य रखा ।जबाब में उतरी खोराडीह की टीम ने 8 ओवर में 78रन पर ही सिमट गई। खैरवा की टीम विजई हुई। अंशु को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अंपायर की भूमिका सूर्य प्रकाश तिवारी, दिलीप कुमार तिवारी ने निभाई ।कमेंटेटर संतोष कुमार सिंह रहे। आयोजक अवनीश कुमार उर्फ गिरीश नेअतिथियों का सम्मान करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मानंद त्रिपाठी ने किया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों का हुआ इलाज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र




के डुमरडीहा गाँव में नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (छडव), सेवाभारती एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर श्डॉ. भीम राव आंबेडकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविरश का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला सेवा प्रमुख डॉ. विनय कुमार के माध्यम से संपन्न हुआ। ज्योत्सना के सहयोग से आयोजित इस शिविर ने समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया।शिविर में ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, स्वास्थ्य जांच तथा दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उपस्थित होकर इस सेवा कार्य का लाभ उठाया।सभी कार्यकर्ताओं ने समर्पण भाव से सेवा करते हुए मानवता की सच्ची मिसाल पेश की।स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ किया। इस प्रकार के प्रयास समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का यह आयोजन एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा।इस आयोजन को सफल बनाने में जय कुमार, कृष्णा देव एड.,रामकेश, रितेश सोनी जितेंद्र एवं अर्पण सहित अन्य का योगदान रहा।

# कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी में दो शातिर तस्कर गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों एवं कोडीन युक्त नशीले कफ सिरप की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में जनपद सोनभद्र पुलिस एसआईटी टीम द्वारा एक बड़े अंतरराज्यीय एवं क्रॉस–बॉर्डर ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत 'मु0अ0सं0– 1054/2025 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2)क भारतीय न्याय संहिता एवं 8/21/27ए/29 एनडीपीएस एक्ट' से संबंधित प्रकरण में संलिप्त 'ड्रग माफिया शुभम जायसवाल पुत्र भोला प्रसाद जायसवाल' के करीबी अभियुक्तगण 'संस्कार वर्मा पुत्र विनोद कुमार वर्मा तथा विनोद कुमार वर्मा पुत्र कनक भवन वर्मा, निवासी 33/67 उदितगंज की मण्डी, चलुआ घाट, थाना अतरसुइया, जनपद प्रयागराज' को सोनभद्र एसआईटी टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।उपरोक्त अभियोग की विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा संगठित तरीके से दिल्ली स्थित '"वान्या इंटरप्राइजेज"' के माध्यम से कोडीन युक्त '"एस्कफ कफ सिरप"' की बड़ी खेप प्राप्त कर उसे अवैध रूप से अन्य राज्यों में डायवर्ट किया जाता था। तस्करी को छिपाने हेतु उक्त नशीले कफ सिरप को नमकीन/चिप्स के इनवॉइस पर कंटेनरों में छिपाकर 'बांग्लादेश सीमा' (अगरतल्ला, त्रिपुरा) की ओर भेजा जा रहा था। यह नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय होकर नशाखोरी हेतु कोडीन युक्त कफ सिरप की आपूर्ति कर रहा था।उक्त तस्करी से संबंधित बड़ी खेप पूर्व में दिनांक 18.10.2025 को थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र से कुल 1,19,675 शीशियां कोडीन युक्त कफ सिरप की दो कंटेनरों से बरामद की जा चुकी है। जिसमें गिरफ्तार अभियुक्तगण संस्कार वर्मा एवं विनोद वर्मा द्वारा अवैध डायवर्जन के माध्यम से बांग्लादेश बॉर्डर (अगरतल्ला, त्रिपुरा) हेतु 'कुल 59,675 शीशियां' कोडीन युक्त "एस्कफ कफ सिरप" का अवैध परिवहन कराया जाना प्रकाश में आया।उक्त प्रकरण में फरार चल रहे अभियुक्तों की तलाश के दौरान एसआईटी टीम सोनभद्र द्वारा थाना अतरसुइया, जनपद प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस के सहयोग से 12.04.2026 को दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 03 अभियुक्त गिरफ्तार, 50 किग्रा अवैध गांजा व बोलेरो वाहन बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई।12.04.2026 को रात्रि चेकिंग के दौरान पंचमुखी मंदिर के सामने मुख्य सड़क, ग्राम सहिजन खुर्द, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के पास मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध बोलेरो वाहन को घेरकर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान वाहन में छिपाकर रखा गया कुल 50 किग्रा



अवैध गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे उड़ीसा राज्य से गांजा लाकर मीरजापुर व आसपास के क्षेत्रों में आपूर्ति करते हैं तथा पुलिस से बचने हेतु फर्जी नंबर प्लेट का प्रयोग करते हैं। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर 'मु0अ0सं0–291/26 धारा 8/20/27।/29/60 एनडीपीएस एक्ट व धारा 318(2), 336(3), 340(2), 345(3) भारतीय न्याय संहिता 2023' के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पीड़ित को रू12,200/- रुपये कराए गए वापस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन अनिल कुमार के दिशा–निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल नेतृत्व में थाना बभनी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। आवेदक प्रमोद कुमार पुत्र शिवकुमार, निवासी ग्राम परसाटोला थाना बभनी, जनपद सोनभद्र द्वारा अपनी ही त्रुटि से रू12,200/– रुपये अन्य व्यक्ति के खाते में स्थानांतरित हो जाने के संबंध में NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना बभनी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित कर संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित किया गया तथा धनराशि को होल्ड कराया गया। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर उक्त रू12,200/– रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक आवेदक के खाते में वापस कराई गई। धनराशि प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय, अपर पुलिस अधीक्षक महोदय, क्षेत्राधिकारी दुद्धी महोदय तथा थाना बभनी पुलिस व साइबर टीम के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी भूरी–भूरी प्रशंसा की गई।

# पीड़ित को 26,999/– रुपये कराए गए वापस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार के दिशा–निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के कुशल नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। आवेदक राजकुमार पुत्र शिवशंकर, निवासी–शिवा पार्क, रेनूकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा धोखाधड़ी कर धनराशि ट्रांसफर करा ली गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना पिपरी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। बैंक से समन्वय स्थापित कर धोखाधड़ी की गई धनराशि को तत्काल होल्ड कराया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत नोटिस जारी कर कुल ध्26,999/– (छब्बीस हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये) की धनराशि सफलतापूर्वक आवेदक के मूल खाते में वापस कराई गई। धनराशि प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक , अपर पुलिस अधीक्षक एवं थाना पिपरी की साइबर टीम के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी भूरी–भूरी प्रशंसा की गई।

# बेटी ने पूरे गांव का नाम किया रोशन किया स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पीसीएस अधिकारी बनकर पहली बार गांव पहुंचने पर खुशबू रानी का बैंड बाजा एवं पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। ग्राम प्रधान महिमा सिंह की अगुवाई में सैकड़ो ग्रामीणों ,पीसीएस अधिकारी बनकर गांव आने पर बेटी खुशबू रानी का तिलौली गांव में स्वागत किया गया। ग्रामीणों में विशेष उत्साह बेटी को अधिकारी बनने पर रहा। सर्वप्रथम गांव के दुर्गा मंदिर का दर्शन किया गया इसके पश्चात बेटी का अभिनंदन समारोह किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आनंद प्रकाश पटेल एवं ग्राम प्रधान महिमा सिंह द्वारा बेटी को माल्यार्पण, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया गया ।बेटी के पिता राजकुमार गुप्ता ,माता शांति देवी ने बेटी को गले लगाकर स्वागत किया। भावुक स्वर में लोगों ने कहा कि आज हमारी बेटी पूरे गांव और जनपद का नाम रोशन किया है। खुशबू रानी ने अपने सफलता का राज अपने माता–पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद बताया ।ज्ञात हो कि खुशबू रानी का पीसीएस 2024 में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयन हुआ है जिससे पूरे गांव में हर्ष का माहौल रहा ।ग्रामीणों ने बेटी का माल्यार्पण कर स्वागत किया ।उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व ग्राम प्रधान अजय सिंह,मोहन गुप्ता ,चंद्र सिंह, रामगोपाल गुप्ता, संतोष गुप्ता, सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# श्री बसंत प्रसाद मिश्र बने नए प्रधानाचार्य

**दैनिक बुद्ध का संदेश**

सिद्धार्थनगर। जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार में प्रशासनिक परिवर्तन के तहत श्री बसंत प्रसाद मिश्र ने नए प्रधानाचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार ग्रहण करने से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव को सरस्वती विद्या मंदिर, पक्की बाग, गोरखपुर का डायरेक्टर बनाया गया है। उनके स्थानांतरण के उपरांत श्री बसंत प्रसाद मिश्र को प्रधानाचार्य का दायित्व सौंपा गया है। श्री मिश्र इससे पूर्व नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर, बलिया में जीव विज्ञान के प्रवक्ता के रूप में कार्यरत थे। विद्यालय के प्रबंधक श्री अजय कुमार जायसवाल ने औपचारिक रूप से श्री मिश्र को प्रधानाचार्य पद का कार्यभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि



उनके नेतृत्व में विद्यालय शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं अनुशासनात्मक गतिविधियों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा संस्था की गौरवशाली परंपराओं को और सुदृढ़ता मिलेगी। उन्होंने यह भी अपेक्षा व्यक्त की कि श्री मिश्र के मार्गदर्शन में मूल लक्ष्य स्वधर्म की रक्षा करते हुए स्वराष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति" की भावना के अनुरूप कार्यों को और गति मिलेगी तथा विद्या भारती के ध्येय वाक्य "सा विद्या या विमुक्तये" को साकार करने की दिशा में विद्यालय नई पहचान स्थापित करेगा। पदभार ग्रहण करने के दौरान विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री मदन मोहन सिंह, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उमा सिंह, वरिष्ठ आचार्य एवं गणित प्रवक्ता श्री निमिष शुक्ल तथा कार्यालय प्रमुख नितिन श्रीवास्तव सहित अन्य आचार्यगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नवागत प्रधानाचार्य का स्वागत करते हुए उनके सफल एवं प्रभावी कार्यकाल की कामना की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# थलापति विजय संग रिश्ते की खबर के बीच फिल्मों से संन्यास लेंगी तृषा कृष्णन? जानिए सच

अभिनेत्री तृषा कृष्णन कुछ दिनों से अभिनेता थलापति विजय के साथ अपने कथित संबंधों को लेकर चर्चा में हैं। यह अलग बात है कि दोनों में से किसी ने इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दी। इस बीच, खबरें आईं कि तृषा फिल्मों से संन्यास ले रही हैं। वह किसी अमीर व्यवसायी के साथ शादी करने वाली हैं। इन तमाम अटकलों पर आखिरकार तृषा ने चुप्पी तोड़ी और सोशल मीडिया



पर प्रतिक्रिया देते हुए पोस्ट साझा किया है।

तृषा ने सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर लगाई जाने वाली तमाम अटकलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने लिखा, लगता है कि मैंने फिल्में छोड़ दी हैं। किसी अमीर व्यवसायी से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! क्या कुछ और जोड़ना बाकी है या सारा मनगढ़ंत कोटा आज ही पूरा हो गया? अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट से तमाम अफवाहों पर ब्रेक लगा दिया है।

बीते कुछ महीनों से विजय और तृषा के बीच कथित रिश्ता होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इन चर्चाओं को हवा तब मिली जब अभिनेता की पत्नी संगीता सोरनलिंगम ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी। यही नहीं, संगीता ने विजय पर किसी अभिनेत्री के साथ अवैध संबंध हो का जिक्र भी किया था। काम की बात करें, तो तृषा को आने वाले दिनों में फिल्म करुप्पु में देखा जाएगा। इसमें उनके साथ सूर्या नजर आएंगे।

# स्प्रे बनाम क्रीमः गर्मियों के दौरान कौन–सी सनस्क्रीन करती है धूप से बेहतर बचाव?

सनस्क्रीन का उपयोग सूरज की हानिकारक किरणों से त्वचा की सुरक्षा के लिए किया जाता है। यह विभिन्न रूपों में उपलब्ध है, जिनमें स्प्रे और क्रीम सबसे ज्यादा प्रचलित हैं। गर्मियों में ज्यादातर लोग क्रीम सनस्क्रीन को प्राथमिकता देते हैं, वहीं कुछ लोगों को स्प्रे वाला विकल्प समझ आता है। आइए जानते हैं कि गर्मियों के लिए कौन–सी सनस्क्रीन धूप से बेहतर बचाव कर सकती है और त्वचा की देखभाल में मदद कर सकती है।



स्प्रे सनस्क्रीन के लाभः स्प्रे सनस्क्रीन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे लगाना बहुत आसान होता है। जब आप बाहर हों या जल्दी में हों तो इसे चेहरे और शरीर पर आसानी से छिड़ककर लगाया जा सकता है। यह जल्दी सूख जाती है और चिपचिपाहट महसूस नहीं होती, जो इसे गर्मियों के लिए आदर्श बनाता है। यह आपके मेकअप को भी खराब नहीं करती और आसानी से त्वचा में समा जाती है।

क्रीम सनस्क्रीन के लाभः क्रीम सनस्क्रीन भी अपने आप में खास होती है। यह गहराई तक त्वचा में समाती है और लंबे समय तक असरदार रहती है। अगर आप लंबे समय तक धूप में रहते हैं या स्विमिंग करते हैं तो क्रीम सनस्क्रीन अधिक प्रभावी हो सकती है। यह त्वचा को नमी प्रदान करती है और सूखने का डर नहीं रहता। इसके अलावा इसका असर लंबे समय तक बना रहता है, जिससे आपको अधिक सुरक्षा मिलती है।

स्प्रे बनाम क्रीमरू क्या है अंतर?

स्प्रे और क्रीम सनस्क्रीन, दोनों ही सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव करती हैं। हालांकि, इनके फार्मूले अलग होते हैं। स्प्रे सनस्क्रीन में हल्का फॉर्मूला होता है, जो त्वचा पर जल्दी अवशोषित हो जाता है। वहीं क्रीम सनस्क्रीन का फॉर्मूला गाढ़ा होता है, जो त्वचा को गहराई तक सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा स्प्रे सनस्क्रीन जल्दी सूख जाती है, जबकि क्रीम सनस्क्रीन को सूखने में थोड़ा समय लगता है।

मौसम का रखें ध्यान

मौसम भी सनस्क्रीन चुनते समय अहम भूमिका निभाता है। गर्मियों में जब तापमान ज्यादा होता है और पसीना आता है तो स्प्रे सनस्क्रीन अधिक उपयुक्त हो सकती है, क्योंकि इसे लगाना आसान होता है और यह जल्दी सूख जाती है। वहीं सर्दियों में जब हवा सूखी होती है और त्वचा को अधिक नमी की जरूरत होती है तो क्रीम सनस्क्रीन बेहतर विकल्प हो सकती है, क्योंकि यह त्वचा को गहराई तक नमी प्रदान करती है।

त्वचा का प्रकार भी है अहम

आपकी त्वचा का प्रकार भी इस बात पर असर डालता है कि कौन–सी सनस्क्रीन बेहतर होगी। अगर आपकी त्वचा तैलीय प्रकार की है तो स्प्रे सनस्क्रीन बेहतर रहेगी, क्योंकि यह फुंसियों से बचाने में मदद करती है। वहीं सूखी त्वचा वालों के लिए क्रीम सनस्क्रीन अधिक उपयुक्त हो सकती है, क्योंकि यह त्वचा को नमी प्रदान करती है। संवेदनशील त्वचा वालों को भी क्रीम सनस्क्रीन अधिक सुरक्षित लग सकती है।

# पाकिस्तान में यूएस–ईरान शांति वार्ता से पहले बड़ा अलर्ट, जेडी वेंस को खतरा



अमेरिका और ईरान के बीच संभवित शांति वार्ता और उसका मंच पाकिस्तान। लेकिन बातचीत से पहले ही सुरक्षा को लेकर बड़ी चेतावनी सामने आ गई है। व्हाइट हाउस के पूर्व प्रेस सचिव एरी फ्लेशर ने साफ कहा है कि पाकिस्तान में अमेरिकी प्रतिनिधियों खास करके जेडी विंस की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा है। क्या यह वार्ता शांति का रास्ता खोलेगी या नए तनाव को जन्म देगी? यूनाइटेड स्टेट और ईरान के बीच शनिवार को पाकिस्तान में शांति वार्ता प्रस्तावित होने वाली है। इससे पहले दोनों देशों के बीच दो हफ्ते के सशर्त युद्ध विराम पर सहमति बनी थी जिसे स्थाई शांति में बदलने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इस पहल से पहले ही एरी फ्लेशर ने बड़ा अलर्ट जारी किया है। उन्होंने पाकिस्तान को हथियारों से लेस और जोखिम भरा बताते हुए कहा है कि यहां हाई प्रोफाइल विजिट्स हमेशा खतरे में ही घिरी रहती है। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे विल क्लिंटन को अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान डिकॉय एयरक्राफ्ट का सहारा लेना पड़ा और 2006 में जॉर्ज डब्ल्यू वुश की यात्रा को लेकर भी सुरक्षा एजेंसियों ने गंभीर आपत्ति जताई थी। यानी इस बार की वार्ता सिर्फ कूटनीति नहीं बल्कि सुरक्षा एजेंसियों


# ये नया सफर जरूर धमाल मचाएगा, मंगल–देश की बेटी के लिए दीपिका सिंह को फैंस ने दी बधाई

भारतीय टेलीविजन की दुनिया में कई शो होते हैं जो दर्शकों के दिल में अपनी खास जगह बना लेते हैं। ऐसे ही शो में से एक है मंगल लक्ष्मी, जो अब अपने नए अध्याय मंगल–देश की बेटी



के साथ दर्शकों के सामने आ रहा है। इस नई कहानी में मुख्य किरदार मंगल नई जिम्मेदारियों और चुनौतियों का सामना करती हैं। अभिनेत्री दीपिका सिंह ने इस नई यात्रा को लेकर इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपनी खुशी, उत्साह और टीम के प्रति आभार जताया। दीपिका ने अपने पोस्ट में लिखा कि वह इस नए चौप्टर को लेकर पूरी तरह से अभिभूत और उत्साहित हैं। उन्होंने दर्शकों को बताया कि इस कहानी में मंगल को देश की सेवा का अवसर मिलता है और वह खुद को विशेष महसूस करती हैं। दीपिका ने अपने कैप्शन में लिखा, मंगल–देश की बेटी के इस नए सफर को निभाने के लिए मैं बेहद खुश, रोमांचित और उत्साहित हूं। उन्होंने अपने पोस्ट में टीम का भी ध न्यवाद किया। दीपिका ने कहा कि पिछले 700 एपिसोड्स के दौरान पूरी टीम ने लगातार मेहनत और समर्पण दिखाया। उन्होंने बताया कि दर्शकों का समर्थन ही उनकी इस सफलता की सबसे बड़ी वजह है। उन्होंने अपने फैंस से हर एपिसोड देखने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे सोमवार से शुक्रवार रात 8रू30 बजे इस शो का आनंद लेते रहेंगे। दीपिका के इस पोस्ट पर कई लोगों ने कमेंट्स किया। एक ने लिखा, दीपिका जी, आपका नया किरदार देखकर बहुत खुश हूं! मंगल का यह रूप बहुत प्रेरणादायक लग रहा है। दूसरे फैंस ने लिखा, आपकी मेहनत और एनर्जी सच में कमाल की हैं! अन्य ने लिखा, शो देखने के लिए अब और भी उत्साहित हो गए हैं, ये नया सफर जरूर धमाल मचाएगा।, आपकी एक्टिंग हमेशा दिल को छूती है। मंगल लक्ष्मी कन्नड़ टीवी सीरीज भाग्यलक्ष्मी का आधिकारिक रूपांतरण है। इस शो में दीपिका के अलावा सनिका अमित, नमन शॉ और शुभम दीप्ता मुख्य कलाकार हैं। इस कहानी में मंगल अपनी बहन लक्ष्मी के लिए सही जीवनसाथी खोजती हैं।

# आंखों में एलर्जी? इन 5 घरेलू नुस्खों को आजमाने से मिल सकती है राहत



आंखों में एलर्जी होना एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। यह समस्या धूल, परागकण, जानवरों की फर या कुछ खाद्य पदार्थों से हो सकती है। एलर्जी के कारण आंखों में खुजली, लालिमा और सूजन हो सकती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं।

ठंडे पानी से धोएं आंखें

ठंडा पानी आंखों को ताजगी देता है और सूजन कम करता है। इसके लिए सुबह और शाम दो बार अपनी आंखों को हल्के हाथों से ठंडे पानी से धोएं। इससे आपकी आंखें साफ रहेंगी और एलर्जी के लक्षण भी कम होंगे। ध्यान रखें कि पानी साफ हो और किसी भी तरह के रसायनों से मुक्त हो। इस प्रक्रिया को नियमित रूप से अपनाने से आपको काफी आराम मिलेगा और आपकी आंखों की सेहत भी बेहतर होगी।

खीरे के टुकड़े लगाएंः खीरा एक प्राकृतिक ठंडक देने वाला सब्जी है, जो आंखों की सूजन और जलन को कम करने में मदद करता है। इसके लिए दो पतले खीरे के टुकड़े काटकर फ्रिज में ठंडा करें, फिर इन्हें अपनी बंद आंखों पर 10–15 मिनट तक रखें। यह प्रक्रिया आपकी आंखों को आराम देती है और वे तरोताजा महसूस होंगी। नियमित रूप से ऐसा करने से आपकी आंखों की खूबसूरती बनी रहेगी और एलर्जी के प्रभाव भी कम होंगे।

गुलाब जल का करें इस्तेमालः गुलाब जल प्राकृतिक रूप से ठंडा और आरामदायक होता है, जो आंखों की जलन को कम करने में मदद करता है। इसके लिए एक साफ कपड़े को गुलाब जल में भिगोकर अपनी आंखों पर हल्के हाथों से मलें। इससे आपकी आंखें ताजगी महसूस करेंगी और एलर्जी के कारण होने वाली जलन भी कम होगी। ध्यान रखें कि गुलाब जल शुद्ध और बिना किसी रसायनों के बने होना चाहिए ताकि इसका प्रभाव बेहतर हो सके।

टी बैग्स का करें उपयोगः टी बैग्स में मौजूद तत्व सूजन कम करने में मदद करते हैं। इसके लिए इस्तेमाल किए गए टी बैग्स को फ्रिज में ठंडा करें और फिर इन्हें अपनी बंद आंखों पर रखें। 10–15 मिनट तक रखने पर आपको काफी आराम मिलेगा। यह प्रक्रिया न केवल सूजन कम करती है बल्कि आंखों को तरोताजा भी बनाती है। नियमित रूप से ऐसा करने से आपकी आंखों की खूबसूरती बनी रहती है और एलर्जी के प्रभाव भी कम होते हैं।

एलोवेरा जेल लगाएं

एलोवेरा जेल में आरामदायक गुण होते हैं, जो आंखों की जलन को कम करने में सहायक होते हैं। इसके लिए ताजे एलोवेरा पत्ते से जेल निकालकर अपनी बंद आंखों पर हल्के हाथों से लगाएं। 10 मिनट बाद पानी से धो लें। यह प्रक्रिया न केवल सूजन कम करती है बल्कि आंखों को तरोताजा भी बनाती है। नियमित रूप से ऐसा करने से आपकी आंखों की खूबसूरती बनी रहती है और एलर्जी के प्रभाव भी कम होते हैं।